## खबर संक्षेप

### मोहगांव सुपरवाइजर पर कार्यवाही को लेकर सौंपा ज्ञापन

**सौंसर।** मोहगांव नगर में बिजली विभाग द्वारा कि जा रही मनमानी के विरोध में बुधवार को उप कनिष्ठ अभियंता सौंसर विधुत विभाग को भारत मुक्ति मोर्चा ने ज्ञापन सोकर व्यवस्था में परिवर्तन करने की मांग की है।ज्ञापन में विजय घाटोड ने बताया कि मोहगांव नगर में विधुत विभाग के सुपरवाइजर द्वारा मीटर चेकिंग के दौरान अनियमितता दिखाई जा रही है, जिस से उपभोक्ताओं में आक्रोश है मीटर चेकिंग घर मालक कि अनुपस्थिति में करना गैरकानूनी है,यहां के सुपरवाइजर एवं उनके कर्मचारियों द्वारा नियम के विरूद्ध कार्यवाही कि जा रही है,उसे तुरंत रद्द किया जाना चाहिए, फर्जी प्रकरण बनाए गए वो भी रद्द करना चाहिए, अन्यथा मोहगांव की जनता को बिजली कार्यालय के सामने धरना आंदोलन किया जाएगा, सौपने वालों में सैफ अली, गोविंदा दुफारे, प्रदीप सोमकूवर, अरुण बागड़े, रमा धुर्वे, भगवान श्रीरामे, महादेव गोडबोले आदी थे।

### हरियाली का दिया प्रेरणादायी संदेश

**जुन्नारदेव।** जनपद पंचायत जुन्नारदेव की खामखेड़ा रैय्यत में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत एक प्रेरणादायी वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अनूठी पहल ने पर्यावरण संरक्षण को भावनात्मक जुड़ाव का रूप दिया। मुख्य कार्यपालन अधिकारी रश्मि चौहान और न्यायाधीश पूजा सिंह ने स्वयं पौधे रोपकर इस अभियान को एक मजबूत दिशा प्रदान की। उनकी अगुवाई में, सरपंच पुलकराम आहके, सचिव रामप्रसाद राठौर, उप सरपंच बिस्तुलाल वाडिवा सहित स्व-सहायता समूह की महिलाओं और पेसा मोबिलाइजरों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर सभी ने मिलकर पौधे लगाए और उन्हें संजोने का संकल्प लिया। यह कार्यक्रम केवल पौधारोपण तक सीमित नहीं रहा, बल्कि इसने मां के वात्सल्य और प्रकृति की जीवनदायिनी शक्ति के बीच एक गहरा संबंध स्थापित किया।

## चौरई पुलिस ने अवैध रुप से खेत में गांजा के पेड़ लगाने वाले आरोपी को किया गिरफ्तार

# पुलिस ने जब्त किया एक लाख 75 हजार का गांजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ चौरई





पुलिस अधीक्षक छिंदवाड़ा श्रीमति निवेदिता गुप्ता व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री आयुष गुप्ता द्वारा अवैध गतिविधियो में संलिप्त व्यक्तियों के विरूध्द सख्त कार्यवाही के निर्देश दिये गये हैं । जिसके तारतम्य में अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) चौरई श्रीमति भारती जाट के कुशल मार्गदर्शन में थाना प्रभारी चौरई श्री गनपत सिंह उईके द्वारा थाना स्तर पर टीम गठित की गयी।

मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम देवरीकला में अपने खेत में गांजा के पेड़ लगे हुये हैं सूचना पर तत्काल रेड कार्यवाही की गयी आरोपी सुरेश वर्मा अपने खेत में अवैध रूप से गांजा के हरे पेड़ लगाये हुये था मौके पर साक्षियो की उपस्थिति में सभी गांजा के पेड़ उखाड़े गये जिनका कुल वजन 17 किलो 500 ग्राम जिसकी कीमत लगभग 1,75,000/- (एक लाख पच्हत्तर हजार रूपये) का होना पाये जाने पर आरोपी सुरेश पिता बाबूलाल वर्मा उम्र 50 साल निवासी देवरीकला (चौरई) के विरूध्द अपराध धारा 8, 20A एनडीपीएस एक्ट का पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया। आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया जाता हैं । जप्त संपत्तिः-अवैध मादक पदार्थ गांजा के हरे पौधे वजन 17.500 किलोग्राम, कीमती 1,75,000/- (एक लाख पच्हत्तर हजार रूपये) गिरफ्तार आरोपी :- सुरेश पिता बाबूलाल वर्मा उम्र 50 साल निवासी देवरीकला (चौरई)

### इनकी रही अहम भूमिका

निरीक्षक गनपत सिंह उईके, उ.नि. सावित्री बघेल, चेतन मर्सकोले, सउनि हिरैशी नागेश्वर, दिलीप सिंह राजपूत, आर. राजकिशोर बघेल, विमल चौहान, दीनानाथ यादव की सराहनीय भूमिका रही। "पुलिस अधीक्षक छिन्दवाड़ा द्वारा टीम को पुरूष्कृत करने की घोषणा की गयी है।

## हत्यारों का पता लगाने में जुटी पुलिस

# गला रेतकर कर दी बुजुर्ग महिला की हत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ परासिया

परासिया थाना क्षेत्र के अंतर्गत वार्ड 16 में रहने वाली बुजुर्ग महिला की हत्या कर दी गई । जिससे जहां एक ओर क्षेत्र में सनसनी फेल गई , तो वहीं पुलिस हत्यारों का पता लगाने में जुटी हुई है । इस मामले में पुलिस ने कुछ संदिग्धों को हिरासत में लिया है , जिनसे पूछताछ जारी है ।मिली जानकारी के अनुसार वेकोली से रिटायर्ड महिला विमला सनोड़यि वार्ड 16 में अपने मकान में अकेली रहती थी । महिला मकान में बीते 3 - 4 दिन से मरम्मत ( पुटिंग , टाइल्स फिटिंग ) का काम करवा रही थी । मंगलवार करीब रात 10 बजे मोहल्ले में एक छोटा लड़का साईकल चला रहा था , जिसने उक्त महिला के घर का दरवाजा खुला देखा तो उसने अपनी दादी को जाकर बताया । तब लड़के की दादी ने महिला के घर जाकर आवाज दी , अंदर से कोई जवाब नहीं आने पर , लड़के की दादी अंदर गई तो देखा की उक्त महिला सोफे पर मरी पड़ी है , जिसके बाद मोहल्ले वालों को पता चला और फिर पुलिस बुलाई गई । बताया जा रहा है , कि महिला के गले को धारदार हथियार से काटा गया है , गले के दोनों ओर नुकीला हथियार घुसा हुआ है । कान कटे हुए हैं और हाथों की उंगलियों को काटने का प्रयास किया गया है । मृतक महिला के शव की ऐसी स्तिथि देखकर अंदाजा लगाया जा रहा है , कि महिला के शरीर से ज़ेवर निकाले गए हैं । मृतिका के दो बेटे और एक बेटी है । दोनों बेटे अपने परिवार के साथ भोपाल में रहते हैं , और बेटी छपारा में , जो घटना की सूचना मिलते ही परासिया पहुंच गए हैं ।

# पांढुर्णा के कौडिया निवासी वृद्ध की कोरोना से मौत

## परिवार के सदस्य होंगे कोरोंटाइन

हरिभूमि न्यूज ⏭ पांढुर्णा

विकासखंड पांढुर्णा के ग्राम कोंढाली पंचायत कोंढाली निवासी एक व्यक्ति की कल मंगलवार की शाम को नागपुर के एक मेडिकल हॉस्पिटल में कोरोना से मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार मेडिकल हॉस्पिटल के प्रबंधन ने मृतक का शव परिजनों को सौंपने इनकार कर दिया और गाइड लाइन के अनुसार उनका अंतिम संस्कार कर दिया। बीएमओ दीपेंद्र सलामे ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग का दल जब परीजनों का स्वास्थ्य परीक्षण करने मृतक के घर पहुंचा लेकिन उनके परिजन नागपुर से अब तक लौटे इसलिए परीक्षण नहीं हो सका।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम कोंढाली निवासी चिरौंजी साहू आयु 70 वर्ष का स्वास्थ्य बीते 15 दिनों से ठीक नहीं था। बताया गया कि उनके शरीर में ऑक्सिजन की मात्रा बहुत ही कम पायी गई। इसके साथ ही उन्हें कुछ अन्य बीमारियां भी थी। चिरौंजी के रक्त जांच में कोरोना पॉजिटव की रिपोर्ट आयी है।

### पवार समाज बांटेगा 10 हजार इको फ्रेंडली थैलियां

**पांढुर्ना।** कलेक्टर अजय देव शर्मा द्वारा जिले में पिछले अनेक माह से निरंतर चलाए जा रहे सिंगल यूज प्लास्टिक की रोकथाम और पर्यावरण संरक्षण को देखते हुए यहां के पवार समाज संगठन शहर में इको फ्रेंडली थैलियां बांटने का निर्णय लिया है। इन थैलियों का निर्माण पुनः नविनीकरण योग्य सामग्री से किया है। पवार समाज संगठन ने आज 10 हजार थैलियां नगरपालिका सीएमओ आरके इवनाती का भेंट में दी। यह थैलियां नगरपालिका के माध्यम से जनता में वितरीत की जाएगी। समाज संगठन ने आज कलेक्टर से मुलाकात इको फ्रेंडली थैलियों के बारे में बताकर वितरण योजना से अवगत कराया।

## सिरस में एक दिवसीय भव्य अखंड सुंदरकांड पाठ का किया आयोजन



**चौरई।** अखंड रघुवंशी समाज महापरिषद की जिला अध्यक्ष बिंदुमती रघुवंशी के निवास पर अखंड सुंदरकांड पाठ का किया गया आयोजन अखंड रघुवंशी समाज महापरिषद छिंदवाड़ा जिले की जिला अध्यक्ष एवं कांग्रेस जिला महामंत्री श्रीमति बिंदुमती रघुवंशी के गृह निवास ग्राम सिरस में आज एक दिवसीय अखंड सुंदरकांड पाठ का भव्य आयोजन किया गया। इस धार्मिक आयोजन में क्षेत्र के समस्त वरिष्ठजन,गणमान्य नागरिक एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित हुए। श्रद्धा और आस्था के इस आयोजन में फलाहार और भंडारे की उत्तम व्यवस्था की गई थी, जिससे सभी श्रद्धालु लाभान्वित हुए सुंदरकांड पाठ के पश्चात महा आरती, महाप्रसाद और विशाल भंडारा संपन्न हुआ, जिसमें ग्रामीणों ने धर्म लाभ अर्जित किया। संध्या के समय विशाल भजन संध्या का आयोजन भी किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया और भक्ति रस में डूबकर आध्यात्मिक ऊर्जा का अनुभव किया।इस अवसर पर श्रीमति बिंदुमती रघुवंशी ने कहा कि"धर्म से समाज में एकता, संस्कार और सद्भाव की भावना जागृत होती है। ऐसे आयोजन समाज को मजबूती देते हैं और नई पीढ़ी को अपनी संस्कृति से जोड़ते हैं।"इस प्रकार के आयोजन समाज में धर्म, आस्था और सामूहिक चेतना की अलख जगाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

# तहसीलदार, नायब तहसीलदार हड़ताल पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ पांढुर्णा




हितग्राही काट रहे चक्करपांढुर्ना तहसीलदार एवं ना. तहसीलदार आज से अनिश्चितकालीन हडताल पर चले गए है और दूर दूर के ग्रामों से आए ग्रामीणजन अपने अपने कार्य से दिन भर ऑफिस में साहब कब आएंगे ? पूछते रहे। ज्ञात हो कि इन अधिकारियों ने अपने शासकीय वाहन भी कलेक्ट्रेट कार्यालय पांढुर्ना में जमा करा दिए है। इसके साथ ही अपने डिजिटल हस्ताक्षर भी जमा करा दिए। यह हडताल मध्यप्रदेश राजस्व अधिकारी कनिष्ठ प्रशासनिक सेवा संघ के आवाहन पर की जा रही है। जिले के समस्त तहसीलदार एवं ना. तहसीलदारगण न्यायिक एवं गैर न्यायिक विभाजन के विरोध में आज से हडताल पर चले गए है।

### सांसद ने छिन्दवाड़ा और पांढुर्णा में संचालित रेल सुविधाओं को लेकर विस्तार से की बात

**छिन्दवाड़ा।** छिन्दवाड़ा एवं पांढुर्णा जिले के विकास को लेकर लगातार प्रयासरत और कृतसंकल्पित सांसद बंटी विवेक साहू अपने एक वर्ष के कार्यकाल के दौरान ही दोनों जिलों में स्वास्थ्य, शिक्षा, सड़क, बिजली, पानी, उद्योग सहित अन्य क्षेत्रों में केन्द्र एवं राज्य सरकार के सहयोग से करोड़ों के विकास कार्यों की सौगात दोनों जिलों के निवासियों को दिला चुके है। वे दोनों जिलों के विकास के संकल्प को लेकर वे निरंतर प्रयत्नशील है। मंत्रालय के प्रमुख विभाग कंज्यूमर अफेयर फूड एंड पब्लिक डिस्ट्रीब्यूशन और कोयला मंत्रालय संसदीय सलाहकार समिति के सदस्य एवं सांसद बंटी विवेक साहू ने मानसून सत्र के दौरान दिल्ली में केन्द्रीय रेल मंत्री अश्विणी वैष्णव से मुलाकात की है। इस दौरान उन्होंने केन्द्रीय रेल मंत्री अश्विणी वैष्णव को एक पत्र भी दिया हैं। जिसमें उन्होंने छिन्दवाड़ा एवं पांढुर्णा में संचालित रेल सुविधाओं को बढ़ाने के साथ ही नई ट्रेनें शुरू करने और अन्य मांगों को लेकर केन्द्रीय रेल मंत्री अश्विणी वैष्णव से विस्तार से चर्चा की है।

## हर घर तिरंगा अभियान को लेकर सिंगोड़ी भाजपा की बैठक संपन्न



**सिंगोड़ी।** आज भाजपा मंडल सिंगोड़ी की महत्वपूर्ण बैठक ग्राम पंचायत भवन सिंगोड़ी में संपन्न हुई बैठक में हर घर तिरंगा एवं तिरंगा यात्रा को लेकर विशेष दिशा निर्देश दिए गए, बैठक में मुख्य रूप से सिंगोड़ी मंडल के अध्यक्ष सोनू सरसवार, हर घर तिरंगा अभियान के जिला सहसंयोजक अंकित जैन के द्वारा उपस्थित पदाधिकारी ,मोर्चा अध्यक्षों एवं महिला मोर्चा के कार्यकर्ताओं के साथ कार्यक्रम की रूपरेखा बनाई गई, एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए, मंडल के अध्यक्ष सोनू सरसवार बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि जिला नेतृत्व के आदेश अनुसार हर घर तिरंगा अभियान को लेकर आज की यह विशेष बैठक आहूत की गई, ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद पूरे देश में जनता का जोश हाई है, यह मोदी जी के नेतृत्व में नया समृद्धशाली एवं आत्मनिर्भर भारत है सभी को इस पर गर्व है, तिरंगा यात्रा अभियान के जिला सहसंयोजक अंकित जैन ने बताया हर वर्ष इस अभियान के तहत भारतीय जनता पार्टी अपने कार्यकर्ताओं एवं आम जनमानस के साथ मिलकर देशभक्ति के कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ आयोजित करते हुए देश की एकता एवं अखंडता के लिए कार्य करते हैं, सभी उपस्थित पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं को कार्यक्रम में अधिक सक्रिय होकर एवं पूरे मंडल क्षेत्र में अधिक सक्रिय होकर कार्य करने की बात कही,बैठक का संचालन मंडल महामंत्री राजेश कहार द्वारा किया गया, बैठक में मुख्य रूप से , कैलाश साहू, बंटी परिहार,आसकुमार परतेती, राजकुमार चंद्रवंशी, संजय सोनी,राजकुमार शर्मा, पिंकू साहू, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष अनमोल बत्रा, रितेश चंद्रवंशी स्वप्निल कंच, पीयूष चंद्रवंशी, डॉ सुमित विश्वास, महिला मोर्चा से रश्मि मराठा, प्रियंका सोनी, कृष्णा चंद्रवंशी, शबनम बानो, आदि पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## एक पेड़ मां के नाम अभियान में एक दिन में लगाए गए 350 पौधे



हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा

नगर निगम आयुक्त चंद्रप्रकाश राय के आदेश पर 6 अगस्त को इमलीखेड़ा के वार्ड क्रमांक 35 सेंट्रल स्कूल एवं वार्ड क्रमांक 03 जमुनझिरी टेकडी में 350 पौधों का रोपण किया गया। इसमें करंज, सीताफल एवं अशोक के पौधे शामिल रहे। वृहद स्तर पर चलाए गए इस पौधारोपण अभियान में वार्ड सहायक यंत्री विवेक चौहान, केंद्रीय विद्यालय के प्राचार्य, उद्यान प्रभारी शिवप्रसाद पंद्राम सहित उद्यान शाखा के कर्मचारी उपस्थित रहे।

# गौमांस के तस्करों की जमानत याचिका खारिज

## अधिवक्ताओं की विशेष टीम ने गौवंश के लिए निशुल्क सेवाएं प्रदान की

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा



जिले में सोमवार को देहात थाना पुलिस ने गोमांस तस्करी के गंभीर मामले में चार युवकों को गिरफ्तार किया था। तस्करों से पास से पुलिस ने 70 किलो मांस बरामद किया था। इस कार्य में विश्व हिन्दू परिषद और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने विशेष सहयोग प्रदान किया था।

मिली जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक निवेदिता गुप्ता एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आयुष गुप्ता (आई.पी.एस.) के मार्गदर्शन में नगर पुलिस अधीक्षक अजय राणा के द्वारा के द्वारा जिले भर में गौ तस्करी रोकने एवं गौ तस्करी में लिप्त अपराधियो की धडपकड के लिये लगातार चलाये जा रहे विशेष अभियानों के तहत थाना प्रभारी देहात निरीक्षक जी. एस. राजपूत द्वारा वरिष्ठ अधिकारियो के आदेश के पालन में एक विशेष पुलिस टीम गठित की गई थी जिसने कल 3 अगस्त को प्रार्थी नीरज पिता बिरजू नागवंशी उम्र 29 वर्ष निवासी नोनिया करबल की सूचना पर गुलाबी ढाबा के पास मोहरली रोड से एक व्यक्ति को बिना नम्बर की ग्लेमर मो.सा. में दो बोरियो में 70 किलो गौ मांस की तस्करी करते गिरफ्तार किया गया पूछताछ पर आरोपी ने अपना नाम दिलीप पिता धीरन लाल परतेती निवासी छिन्दी का रहने वाला बताया।

इन सभी आरोपियों पर थाना देहात में अप.क्र. 403/25 धारा 4,5,9 म.प्र. गौवंश वध प्रति. अधि. वर्ष 2004, 11 पशु के प्रति क्रुरता का निवारण अधि., 325,3(5) BNS का कायम कर विवेचना में लिया गया था जिनकी बुधवार को जमानत याचिका खारिज कर दी गई है। कोर्ट के प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी छिंदवाड़ा विकसिता मरकाम द्वारा मध्यप्रदेश शासन के विरूद्ध दिलीप, इंत्याज, फिरोज, अंसार व अन्य के तहत अपराध क्रमांक 403/2025 में जमानत याचिका खारिज की गई।

गौवंश की रक्षा के लिए अधिवक्ता देवेन्द्र पांडेय, अंशुल शक्रवार, सिद्धांत पालीवाल, संजय मिश्रा, सत्यप्रकाश शुक्ला ने विशेष प्रयास कर आरोपियों की जमानत याचिका खारिज कराई। ज्ञात हो कि ये सभी अधिवक्ताओं ने गौसेवा के इस पुनीत कार्य के लिए विशेष सहयोग प्रदान किया जो कि पूरे जिले में चर्चा का विषय बन गई है।

# दमुआ को पूर्ण तहसील का दर्जा दिलाने की मांग

## दमुआ के नागरिकों व्यापरियों ने की सांसद से भेंट कहा वर्षो से लंबित कार्यवाही आपके माध्यम से हो पूरी



हरिभूमि न्यूज ⏭ दमुआ

दमुआ दमुआ को पूर्ण तहसील के साथ साथ जनपद और विकास खण्ड का दर्जा दिलाने के लिए संघर्षरत गैर राजनीतिक व्यापारियों ने क्षेत्रीय सांसद विवेक बंटी साहू से भेंट कर दमुआ को उसका वाजिब हक दिलाने के लिए से उनका सहयोग मांगा । इस मौके पर व्यापरियों आम नागरिकों के साथ साथ दमुआ भाजपा मंडल के मुखिया सोनू पाटील भी उपस्थित रहे ।भेंट के दौरान सांसद बंटी साहू को प्रतिनिधि मंडल ने एक आवेदन भी दिया जिसमें क्षेत्र की जनता की तरफ से उल्लेख किया गया कि नगरीय क्षेत्र दमुआ और उसके आसपास लगभग पचपन पंचायतों तथा उसके आश्रित गांव जुड़े हुए है फिर भी तहसील और अन्य प्रशासनिक कार्य के किए दूरस्थ क्षेत्र के ग्रामीण रहवासियों को लगभग 55 से 60 किमी की दूरी तय करके जुन्नारदेव जाना पड़ता है । लोकसेवा केंद्र न्यायालय तथा राजस्व आदि कार्यो के लिए भी जुन्नारदेव ही जाना पड़ता है जबकि दमुआ में तहसील के नाम भवन भी बनाया जा चुका है । सांसद से भेंट करने पहुँचे लोगो ने सांसद से फ़रियाद की कि वे दमुआ और आसपास की ग्रामीण जनता आम नागरिकों जन प्रतिनिधियों तथा व्यापारियों की मांग को तरज़ीह देते हुए अरसे से अपने वाज़िब हक के लिए संघर्ष कर रहे दमुआ को तहसील जनपद तथा विकासखंड का दर्जा दिलाने में क्षेत्र के प्रथम नागरिक होने के नाते खुद के प्रयासों से लंबित कार्यवाही को गति देकर सफलता दिलाएं । ताकि क्षेत्रीय रहवासियों की समस्याओं का निराकरण सुलभ हो और उनकी जेब पर पड़ने वाला आर्थिक भर भी कम हो ।प्रतिनिधि मंडल ने भेंट के दौरान सांसद को यह भी बताया कि तत्कालीन मुख्यमंत्री और उससे भी पहले तत्कालीन प्रभारी और राजस्व मंत्री रहे कमल पटेल ने भी दमुआ को पूर्ण तहसील बनाने की घोषणा की थी ।

### शनिवार को मनाया जाएगा विश्व आदिवासी दिवस

**सिंगोड़ी :-** विश्व आदिवासी दिवस के उपलक्ष्य में सार्वजनिक बड़ादेव सेवा समिति नेर के तत्वाधान में विशाल रैली व रोड शो एवं हवन पूजन महाप्रसाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। जिसमें समस्त ग्रामवासी नेर व क्षेत्रवासी एवं समस्त समिति के पदाधिकारी गण उपस्थित रहेंगे सार्वजनिक बड़ादेव सेवा समिति नेर के संयोजक जयकुमार नागवंशी ने बताया कि यह कार्यक्रम का तीसरा वर्ष हैं। जिसमें ग्राम नेर सहित आसपास के सभी आदिवासी समाज के सगाजन एवं सभी समाज के सदस्यों का इस कार्यक्रम में विशेष योगदान रहता हैं। इस दिन बड़ादेव मंदिर नेर में पूजा अर्चना कर रैली का शुभारंभ किया जाएगा एवं रैली समापन के पश्चात महाप्रसाद का वितरण समिति के तत्वाधान में किया जायेगा इन्होंने समस्त लोगो से सेवा जौहार करते हुए इस कार्यक्रम को सफल बनाने का आह्वाहन किया है।

## शांति समिति की बैठक में अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने बनाई रूपरेखा

# रक्षाबंधन, भुजलिया पर्व शांति और सौहार्द्र से मनाने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा

रक्षाबंधन, भुजलिया पर्व एवं विश्व आदिवासी दिवस को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर कार्यालय छिंदवाड़ा में शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। प्रतिवर्षानपुसार इस वर्ष रक्षाबंधन, भुजलिया पर्व एवं विश्व आदिवासी दिवस मनाया जाना हैं, जिसे मद्दे नजर रखते हुयें शहर में शांति, कानून-व्यवस्था और सौहार्द्र बनाए रखने के उद्देश्य से जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन विभाग द्वारा गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में शांति समिति बैठक का आयोजन कलेक्टर कार्यालय छिन्दवाड़ा में किया गया ।जिला कलेक्टर श्री शीलेन्द्र सिंह एवं पुलिस अधीक्षक छिंदवाड़ा श्रीमती निवेदिता गुप्ता के निर्देशन में आगामी त्यौहार रक्षाबंधन, भुजलिया, तीज एवं विश्व आदिवासी दिवस को शांतिपूर्ण रूप से मनाये जाने हेतु कलेक्टर कार्यालय में राजस्व पदाधिकारी, नगर निगम पदाधिकारी, अन्य विभागों एवं शहर के गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें त्यौहारों को शांतिपूर्ण रूप से संपन्न कराये जाने के संबंध मे विस्तृत चर्चा की गई । विगत दिनों जिले में मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार दिनांक 15.07.2025 से दिनांक 31.07.2025 तक "नशे से दूरी हैं जरुरी" विषय पर जिले में विशेष जन जागरुकता अभियान संचालित किया गया जिसमें 15 दिवस अभियान के दौरान ड्रग अवेयरनेस रैली, वाहन रैली, मानव श्रृंखला, नुक्कड़ – नाटक, नशामुक्ति शार्ट फिल्म के माध्यम से चौक चौराहो, स्कूल, कॉलेजो, जुग्गी झोपड़ियों एवं चिन्हित स्थानो में जाकर कुल 23,4508 आम नागरिकों, 4,000/- खिलाड़ियों एवं 81 स्कूलो में 13,232 छात्र-छात्राओं को नशे के दुष्परिणाम से अवगत कराकर नशामुक्ति की शपथ कराई गई हैं, आगे भी नशा मुक्ति संबंधी जन जागरुकता अभियान संचालित रहेंगे ।



### पुलिस कंट्रोल रुम में हुई अपराधों की समीक्षा बैठक

**छिंदवाड़ा।** पुलिस कंट्रोल रुम छिन्दवाड़ा में पुलिस अधीक्षक श्रीमती निवेदिता गुप्ता व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आयुष गुप्ता एवं जिले के समस्त अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) तथा थाना प्रभारियों की उपस्थिति में गंभीर / चिन्हित अपराधों की समीक्षा हेतु बैठक आयोजित की गई, जिसमें पुलिस अधीक्षक द्वारा गंभीर अपराध / महिला संबंधी अपराध/ सड़क दुर्घटनाओ / नशामुक्ति इत्यादि विषयो पर विस्तृत चर्चा करते हुए गंभीर प्रकृति के अपराधों का निराकरण समय सीमा पर करने तथा प्रकरणो की विवेचना में आने वाली समस्याओं के निवारण के मुद्दो पर विस्तृत दिशा निर्देश देते हुए समस्त अधिकारियों को प्रकरणो का शीघ्र निराकरण करने हेतु निर्देशित किया।

## भाजपा नगर मंडल की बैठक का समापन, बैठक में बनी आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा

# 13 को निकलेगी तिरंगा यात्रा, हर घर लहरायेगा तिरंगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव

भाजपा नगर मंडल जुन्नारदेव के तत्वधान में आगामी तिरंगा यात्रा और हर घर तिरंगा अभियान को लेकर भाजपा मंडल अध्यक्ष विवेक चंद्रवंशी की मुख्य आतिथ्य में एक महत्पूर्ण बैठक शहर के वार्ड क्रमांक 13 में स्थित वनवासी कल्याण आश्रम में आयोजित की गई। जिसमें आगामी आयोजनों को भव्य और दिव्य बनाने हेतु सार्थक चर्चा हुई। भाजपा मंडल अध्यक्ष विवेक चंद्रवंशी ने बताया कि बैठक में स्वतंत्रता दिवस के पूर्व तिरंगा यात्रा निकालने ओर हर घर तिरंगा अभियान को लेकर बैठक आयोजित की गई थी। बैठक में आगामी 13 अगस्त को दोपहर 3 बजे से शहर में भव्य तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी साथ ही मंडल के सभी बूथों में हमारे कार्यकर्ता जाकर हर घर तिरंगा घर घर तिरंगा लगाकर अभियान को सफल बनाएंगे। बैठक में पूर्व मंडल अध्यक्ष विष्णु शर्मा , शंकर



सेन ,शिवराम पवार तरुण उपाध्याय , मंडल महामंत्री अनिरुद्ध चटर्जी, सपना पाल ,सोनिया कुमरे ,स्मृति यादव ,महिला मोर्चा अध्यक्ष भुवनेश्वरी भन्नारे , युवा मोर्चा अध्यक्ष अभिषेक पारे, किसान मोर्चा अध्यक्ष चूरन यदुवंशी , एससी मोर्चा अध्यक्ष रंजिता डहरिया , बूथ अध्यक्ष, शक्ति केंद्र के प्र भारी,संयोजक,सहसंयोजक,पार्षद अपील समिति सदस्य संजय जैन सभापति, राजेंद्र सूर्यवंशी दीप्ति साहू श्रीमती सीमा चौरसिया पार्षद अमित यादव प्रमोद जी देवेंद्र टांडेकर विजय पाल अनिल यदुवंशी मंडल के पदाधिकारी,कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## पानी के लिए नपा अध्यक्ष ने कलेक्टर से लगाई गुहार

**परासिया** :- परासिया के 5 वार्डों को शुद्ध पानी मिल सके इसके लिए नपा अध्यक्ष विनोद मालवीय ने कलेक्टर से गुहार लगाई है । उन्होंने कहा है , कि परासिया के वार्ड 17, 18 , 19 , 20 और 21 में पेंच व्हेली जल प्रदाय योजना से शुद्ध पेय जल की आपूर्ति की जाती है , लेकिन पी एच ई द्वारा उसे बंद करने को कहा जा रहा है , जिससे उक्त पांच वार्ड के लोगों के सामने पेय जल की समस्या खड़ी हो जाएगी । उन्होंने कलेक्टर से आग्रह किया है , कि अमृत 2.0 का कार्य पूर्ण होने तक जल आपूर्ति बंद न किए जाने हेतु पी एच ई को निर्देशित किया जावे ताकि , लोगों को पेय जल की समस्या का सामना न करना पड़े ।

## बीसापुर कलां में निशुल्क साइकिलों का हुआ वितरण



**सौंसर।** बुधवार को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिसापुर कला प्रांगण में आयोजित छात्राओं को निःशुल्क साइकिल वितरण कार्यक्रम का आयोजन सम्पन्न हुआ। मध्य प्रदेश शिक्षा विभाग की ओर से मिली हुई साइकिलों का जिला भाजपा अध्यक्ष संदीप मोहड़ के हस्ते वित्तरन किया गया, साइकिल वितरण कार्यक्रम के दौरान श्री मोहड़ के द्वारा सभी बच्चों को तिलक लगाकर आगामी उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से निरंतर शिक्षा के क्षेत्र को मजबूत बनाने का कार्य किया जा रहा है, साथ ही छात्र-छात्राओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा ग्रहण करने के लिए किसी प्रकार की कोई बाधा उत्पन्न ना हो इसका विशेष ध्यान रखते हुए बच्चों को जरूरी सामग्री का वितरण भी किया जा रहा है। विसापुर कला की स्कूल में पढ़ने वाले सभी छात्राओं ने अच्छा मन लगाकर पढ़ाई करते हुए ग्राम जिला और प्रदेश का नाम देश में रोशन करना चाहिए, छात्राओं ने बिना संकोच किया अपने लक्ष्य प्राप्ति के लिए अध्यापन कार्य करना चाहिए।

## भाजपा जिलाध्यक्ष मोहोड़ ने ली बैठक



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर

भाजपा रामाकोना मंडल की ओर से हर घर तिरंगा₹ और ऑपरेशन सिंदूर अभियान के अंतर्गत तिरंगा यात्रा की तैयारियों को लेकर बुधवार को जिला भाजपा अध्यक्ष संदीप मोहोड की प्रमुख उपस्थिति में सम्पन्न हुई,बैठक में रामाकोना मंडल भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ में तिरंगा यात्रा को लेकर विचार-विमर्श कर आगामी कार्यक्रम को सफल बनाने की रूपरेखा तैयार की गई।जिला भाजपा अध्यक्ष श्री मोहोड ने बेठक को संबोधित करते हुए कहा की पांढुर्णा जिले में भाजपा की ओर से तिरगा यात्रा को लेकर जोर शोर से तैयारियां की जा रही है। इस तिरंगा यात्रा को सफल बनाने के लिए भाजपा के सभी अनुसांगिक संघटनो के पदाधिकारियों कार्यकर्ताओ को जिम्मेदारी सौपी गई है। जिसका उन्हें सो प्रतिशत पालन करते हुए यात्रा को सफल बनाने के लिए हर दिन कार्य करना है। बैठक में बड़ी संख्या में भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारी एवं हमारे सम्मानित कार्यकर्ता साथीगण उपस्थित थे।

## संकुल प्राचार्य रघुवीर राय को विदाई



**परासिया** :- संकुल प्राचार्य रघुवीर राय को सेवानिवृत्ति उपरांत उनके गृह ग्राम बरारिया के हाई स्कूल प्रांगण में कार्यक्रम आयोजित कर विदाई दी गई । वे न्यूटन संदीपनी ( सी एम राइज ) स्कूल में संकुल प्राचार्य के रूप में पदस्थ होने के साथ - साथ बेलगांव और बरारिया हाई स्कूल के प्रभारी प्राचार्य भी थे । वर्ष 2015 में उन्हें तत्कालीन राष्ट्रपति प्रणव मुखर्जी द्वारा सम्मानित किया गया था ।इस कार्यक्रम में मोहन कहार सरपंच ग्राम पंचायत बरारिया , भाजपा नेता जयंत राय , देवन्द्र कुमार धुर्वे प्राचार्य हाईस्कूल बरारिया , विनिता जैन आचार्य हाई स्कूल बेलगाँव , मो. निसार प्राचार्य संदीपनी स्कूल न्यूटन चिखलीv, अजय शर्मा प्राचार्य चारगांव , प्रहलाद , जय कुमार जैन प्राचार्य हाई स्कूल दरबई , कमल शा धुर्वे लोनी , नरेश कुमार बरखानिया , जगमोहन वर्मा , जयश्री जैन , राम आशीष त्रिपाठी , मुनीम यदुवंशी , विजनु राठौर , राजेश गढ़ेवाल सहित शिक्षक स्टाफ व ग्रामीणजन उपस्थित रहे ।

## जिला स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता के लिए 12 खिलाड़ियों चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर

बुधवार को विकासखंड स्तरीय 19 वर्ष बालक कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बेरडी के खेल प्रांगण में ब्लॉक स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता संपन्न हुई प्रतियोगिता में 84 खिलाड़ीयो मैं भाग लेकर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया इस दौरान 84 खिलाड़ियों मेंजिला स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता के लिए 12 खिलाड़ी का चयन किया गया।प्रतियोगिता का शुभारंभ स्कूल प्रांगण में जनपद सदस्य गायत्री गायकवाड,बेरडी सरपंच संगीता गावंडे उप सरपंच बंडु गुर्व क्या हस्ते किया गया। प्रतियोगिता का संचालन निरंजन भुजाडे के द्वारा किया गया। प्रतियोगिता में विकासखंड खेल प्रभारी मिलिंद चारे, ने बताया कि बच्चों के अंदर छुपी हुई प्रतिभाएं निखर कर सामने आए साथ ही बच्चे खेल प्रतियोगिताओं मैं उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए उच्च स्तर पर जाए, खेलों का महत्व बड़े खेलों के संबंध में



बच्चों को अधिक से अधिक जानकारी प्राप्त हो इस उद्देश्य को लेकर मध्य प्रदेश शासन एवं शिक्षा विभाग की ओर से विकासखंड स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है, सौसर विधानसभा क्षेत्र में हो रही खेल प्रतियोगिताओं में बड़ी संख्या में स्कूली छात्र-छात्राओं के द्वारा भाग लेते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन किया जा रहा है, आयोजन को संबोधित करते हुए ग्राम पंचायत बेरडी सरपंच श्रीमती संगीता गावंडे ने कहा कई बच्चों के द्वारा खेल प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अपना उज्जवल भविष्य बनाया है साथ ही क्षेत्र का नाम राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया है, बच्चों ने खेल भावना का परिचय देते हुए बेहतर प्रदर्शन करना चाहिए,आयोजन में नोडल अधिकारी बाबा खान, पीटीआई विजया कहाते ,लीलाधर खिरडकर वामन खरात ,दर्शन लोणारे के अलावा बड़ी संख्या में स्कूली छात्र-छात्राएं शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

## उपपंजीयक लांजी ने एसडीएम को सौंपा जांच प्रतिवेदन

# जांच की धीमी आंच के कारण फर्जी रजिस्ट्री मामले में नहीं हो पा रही कार्यवाही

### वार्ड क्रमांक 3 स्थित विवादित भूमि की फर्जी रजिस्ट्री का मामला

हरिभूमि न्यूज लांजी।

नगर के वार्ड क्रमांक 3 सेंट्रल बैंक के पीछे हल्का नंबर 19/60 लांजी स्थित खसरा नंबर 27/23, रकबा 0.024 हेक्टेयर, कुल 240 वर्गमीटर भूमि की फर्जी रजिस्ट्री का मामला लगातार तूल पकड़ता जा रहा है। उक्त भूमि की रजिस्ट्री मामले में शिकायतकर्ता विजय मिश्रा का आरोप है की इस ज़मीन को प्रशासन की आँखों में धूल झोंककर रजिस्ट्री करवा दिया गया। और जिस जमीन की रजिस्ट्री की गई है उसकी फोटो न लगाकर अन्य जमीन की फोटो रजिस्ट्री में चस्पा की गई है जो गंभीर जांच का विषय है। जानकारी अनुसार बोलेगांव निवासी कोमिन पति धनराज आमाडारे ने अपनी ज़मीन को ग्राम बिसोनी की भूनेश्वरी बेदरे पत्नी राजकुमार बेदरे को बेचा गया है। यह वही ज़मीन थी जिस पर ईडी की रोक थी। लेकिन सत्ता और तंत्र की आँखों में धूल झोंक कर दस्तावेजो का हेरफेर किया गया है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और राज्य प्रशासन द्वारा प्रतिबंधित की गई भूमि का फ जर्ीवाड़ा सामने आने से कानून व्यवस्था पर भी सवाल उठने लगे हैं। वहीं जिले की अन्य तहसीलों में अवैध ओर फ र्जी रजिस्ट्री पर प्रशासन लगातार कार्यवाही कर रहा है परंतु लांजी क्षेत्र में शिकायत के बाद भी कोई सख्त कार्यवाही नहीं होने से ऐसी करतूतों को बल मिल रहा है। वहीं इस मामले में एसडीएम को शिकायत प्राप्त होने पर उनके द्वारा तहसीलदार लांजी और उपपंजीयक को जांच के निर्देश दिये गये थे परंतु इस जांच में लगातार देरी होने से शिकायतकर्ता ने अधिकारियों के भी इस मामले में संलिप्तता का अंदेशा जताया है।

शिकायतकर्ता विजय मिश्रा द्वारा उपपंजीयक लांजी द्वारा की गई कार्यवाही पर भी सवाल उठाते हुए कहा गया की हमारी शिकायत में दोनो ही जमीन की स्पष्ट फोटो प्रशासन को उपलब्ध कराई गई है तथा प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा प्रतिबंधित भूमि का खसरा नंबर भी उपलब्ध कराया गया है उसके बावजूद अधिकारियों और क्रेता-विक्रेता की मिली भगत से प्रशासन की आंखों में धूल झोंककर फर्जी रजिस्ट्री के कारनामें को अंजाम दिया गया है। श्री शर्मा ने कहा उपपंजीयक ने एसडीएम के आदेशों की अवहेलना करते हुए स्थल निरीक्षण के समय क्रेता-विक्रेता को भी उपस्थित होने के लिये नहीं कहा और अब अपने जांच प्रतिवेदन में भूमि के मूलभूमि स्वामी उपस्थित नहीं होने का हवाला दिया गया है।

### इनका कहना है



वार्ड क्रमाक 3 में स्थित भूमि की फर्जी रजिस्ट्री मामले की शिकायत मुझे प्राप्त हुई थी जिसके बाद हमारे द्वारा तहसीलदार और उपपंजीयक को मामले की जांच करने के निर्देश दिये गये थे। जांच प्रतिवेदन में उपपंजीयक द्वारा भूमि के गलत फोटो और अन्य जानकारी भूमि स्वामी के उपस्थित नहीं होने के कारण स्पष्ट नहीं होने का उल्लेख किया गया है तथा पटवारी से पुनः सीमांकन कराने का उल्लेख किया गया है। उपपंजीयक की जांच में अगर रजिस्ट्री गलत स्थान की फोटो लगाकर कराई गई तो वह इस मामले में अपराध पंजीबद्ध कराने के लिये स्वतंत्र हैं।

**कमलचंद सिंहसार,**
**एसडीएम लांजी**



### जाम की आंगनवाड़ी क्रमांक 4 में मनाया गया स्तनपान सप्ताह कार्यक्रम

**लालबर्रा।** लालबर्रा मुख्यालय से 13 किलोमीटर दूर स्थित ग्राम जाम में 6. 8.2025 दिन बुधवार को आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 4 में सामूहिक रूप से स्तनपान साप्ताह कार्यक्रम म नाया गया इस कार्यक्रम के अध्यक्षता कर रही श्रीमती श्यामा बाई नगपुरे मात सहयोगिनी समिति के अध्यक्षता में एवं श्रीमती लताबाई जुम्मर सैवन बाई भगवती ठाकरे आंगनवाड़ी सहायिका के द्वारा यहां कार्यक्रम करवाया गया इस कार्यक्रम मे आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सहायिका एवं ग्रामीण महिलाएं उपस्थित रहे एवं दो रामायण मंडली का आयोजन किया गया लोक संगीत के माध्यम से महिलाओं को स्तनपान की समझाईश दी गई एवं स्तनपान का महत्व बताया गया।

## बघोली विद्यालय में तीन अतिरिक्त कक्ष के निर्माण के लिये राशि स्वीकृत-अनुभा मुंजारे

हरिभूमि न्यूज लालबर्रा।

लालबर्रा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बघोली के शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल में तीन अतिरिक्त कक्ष के लिये राशि स्वीकृत की गई है। राशि स्वीकृत होने से ना सिर्फ स्कूल में विद्यार्थियों के लिये बैठक कक्ष की उपलब्धता हो सकेगी बल्कि यहां परप्रयोगशाला का भी निर्माण होगा। प्रयोगशाला बनने से विद्यार्थियों को लाभ हो सकेगा। शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल बघोली में बैठक व्यवस्था की दिक्कतें के चलते यहां पर अतिरिक्त कक्ष निर्माण के लिये लबे समय से मांग हो रही थी। लेकिन वह पूरी नहीं हो सकी थी। विधायक अनुभा मुंजारे के संज्ञान में यह मामला सामने लाया गया था। जिसके लिये विधायक अनुभा मुंजारे ने अथक प्रयास किया और अब उच्च शिक्षा मंत्री व बालाघाट के प्रभारी मंत्री उदयप्रताप सिंह ने बघोली हायर सेकेंडरी स्कूल के अतिरिक्त कक्ष के लिये राशि स्वीकृत कर दी है। इस संबंध में विधायक अनुभा मुंजारे ने जानकारी देते हुये बताया कि शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल बघोली लालबर्रा में विद्यार्थियों के बैठक व्यवस्था प्रभावित थी। जिसके संबंध में यह जानकारी संज्ञान में आया था। जिसके तहत प्रयास किया गया और अब विद्यालय में अतिरिक्त कक्ष के लिये राशि स्वीकृत हो गई है। इस संदर्भ में उन्होने प्रभारी मंत्री व उच्च शिक्षा मंत्री उदयप्रताप सिंह से भेंट कर मांग पत्र भी प्रेषित किया गया था। विधायक अनुभा मुंजारे ने बताया कि तीन अतिरिक्त कक्ष व प्रयोगशाला का निर्माण कार्य होना है। जिसके लिये 77 लाख 25 हजार रूपये की राशि स्वीकृत की गई है। ये सभी सर्वसुविधायुक्त होगें। साथ ही फर्नीचर की भी व्यवस्था की जायेगी। विधायक अनुभा मुंजारे ने अतिरिक्त कक्ष व प्रयोगशाला के लिये राशि स्वीकृत होने पर उच्च शिक्षा मंत्री के प्रति आभार जताया है। विधायक अनुभा मुंजारे ने कहा कि उनका प्रयास है कि अपने विधानसभा क्षेत्र में शिक्षा, स्वास्थ्य व बिजली सहित सड़क व अन्य मूलभूत सुविधायें की उपलब्धता करायी जाये। इसके लिये वह लगातार प्रयासरत है। विद्यार्थियों के पढ़ाई के लिये अच्छा माहौल उपलब्ध होवें, बैठक व्यवस्था अच्छी होगी और प्रयोगशाला बने प्राथमिकता में है। निश्चित ही आगामी समय में क्षेत्र में स्कूल शिक्षा सहित अन्य कार्यो की स्वीकृति व राशि मिलना है। जिसके लिये वह लगातार प्रयास कर रही है। विधायक अनुभा मुंजारे के प्रयास से बघोली स्कूल में अतिरिक्त कक्ष व प्रयोगशाला के लिये 77.25 लाख रूप्ये की राशि स्वीकृत होने पर स्कूल परिवार ने खुशी जाहिर की है।



## अखंड रामचरित मानस पाठ के समापन अवसर पर होगा आयोजन

# रामरोटी में उपस्थित हो श्रद्धालु, घरों में न जलाएं चूल्हा

हरिभूमि न्यूज लांजी।

धर्मनगरी लांजी में सावनमास के पावन अवसर पर लगातार विविध धार्मिक आयोजन और अनुष्ठानों का सिलसिला जारी है। वहीं एकल अभियान संच लांजी द्वारा सावन मास के इस पुनीत अवसर पर काशीनाला तट पर स्थित भगवान कोटेश्वरनाथ महादेव मंदिर परिसर में भव्य अखंड रामचरित मानस पाठ का तीस दिवसीय भक्तिमय आयोजन किया गया है जिसमें अब तक लाखों में संख्या में श्रद्धालुओं ने शामिल होकर पुण्य लाभ प्राप्त किया है। यह आयोजन क्षेत्र सहित जिले में पहला ऐसा आयोजन है जो सावन मास के अवसर पर आयोजित किया गया है। वहीं इस अभिनव पहल में एकल



अभियान संच लांजी के अध्यक्ष झनकार किरनापुरे ने एक अध्याय और जोड़ते हुए अखंड रामचरित मानस पाठ की समाप्ति पर 9 एवं 10 अगस्त को रामरोटी का आयोजन किये जाने की जानकारी दी है। श्री किरनापुरे ने बताया की देवो के देव महादेव की नगरी लांजी में सावनमास के अवसर पर हमे अखंड रामचरित मानस पाठ का भक्तिमय कार्यक्रम आयोजित करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है जिसमें नगर प्रशासन सहित जनप्रतिनिधियों का भी भरपूर सहयोग मिला जिसके लिये एकल अभियान संच लांजी उनका आभार व्यक्त करता है। उन्होने बताया की इस पावन पुनीत अवसर पर डॉक्टर एशोसिएशन लांजी द्वारा 9 अगस्त को रामरोटी का आयोजन किया गया है वहीं 10 अगस्त को सादर सम्मान सेवा में व्यापारिक संघ लांजी द्वारा किया जाएगा। जिसमें समस्त नगरवासियों से अपील करते हुए कहा गया की कोई भी नगरवासी इन दोनो दिन अपने घरों में खाना बनाने के लिये चूल्हा न जलाएं और रामरोटी के इस भव्य आयोजन और अखंड रामचरित मानस पाठ के समापन अवसर पर उपस्थित होकर पुण्य लाभ प्राप्त करें।

## ग्राम सोनपुरी मे निकाली गई विशाल कांवड़ यात्रा

हरिभूमि न्यूज उकवा।

प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी सावन के इस पावन पर्व पर विशाल कांवड़ यात्रा का आयोजन किया गया, जिसमे ग्राम सोनपुरी एवं आस पास के सभी ग्रामों के शिव भक्त सम्मिलित हुए एवं भोले बाबा को जल अर्पित करने के लिए सुबह 7 बजे समशान घाट सभी लोग एकत्रित हुए एवं पारंपरिक रूप से डफली की धुन में बोल बम के जयकारो के साथ बाबा धाम के लिए निकल पड़े। हजारों की संख्या में शिव भक्त एवं नन्हे शिव भक्तों की टोली ने ग्राम का भ्रमण किया जहां जगह जगह ग्रामीणों के द्वारा उनका स्वागत कर पुष्प वर्षा की। संपूर्ण रास्ते में भक्तों द्वारा जलपान, फल, आदि की व्यवस्था भी की गई थी ग्राम के ही



शिव मंदिर पर सभी भक्तों द्वारा जल चढ़ाया एवं प्रसादी वितरण की गई जिसमें उपस्थित युवा समाजसेवी संदीप गजभिये, आर्यन तिलसी आयोजक समिति अशोक कटरे,राम पंचतिलक,भोजराज बिसेन,संतोष राहंगडाले,रवि राऊत, सुजल महाकाल,गौरव कटरे,हर्षित बोपचे,भविष्य बावने,ऋषिकेश राऊत,प्रेम बिसेन,ऋतिक राहंगडालें,आकाश पंचतिलक,ऋषि राहंगडाले,रूपेश रक्षा,नारायण राउत,सोमेंद्र चौहान, अमन गौतम,पूर्व वरकड़े, एवं ग्राम के समस्त महिला मंडल एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## खैरलांजी अस्पताल में 19 अगस्त को नेत्र शिविर होगा आयोजन




**हरिभूमि न्यूज खैरलांजी।** पांच अगस्त मंगलवार को शासकीय सामुदायिक अस्पताल खैरलांजी में एक दिवसीय निशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन डा. बीएमओ डाक्टर खिलेंद्र पाल के मार्गदर्शन में किया गया । निशुल्क नेत्र शिविर में नेत्र चिकित्सक डा.टी.एस बिसेन के द्वारा नेत्र रोगीयो की जांच कर उचित परामर्श प्रदान किया गया। इस दौरान शिविर में 34 नेत्र रोगियो ने ओपीडी में पंजीयन कर उपचार कर उचित परामर्श प्राप्त किया। जिसमें से 16 नेत्र मरीजो को मोतियाबिन्द आपरेशन के लिए चयनित किया गया जिन्हें आपरेशन के लिए रवाना किया गया । बताया गया की निशुल्क नेत्र शिविर में नेत्र रोगियो की जांच कर उचित परामर्श प्रदान किया गया एंव चयनित नेत्र रोगियो को मोतियाबिन्द आपरेशन के लिए जबलपुर भेजा गया । नेत्र रोगियो को लाभान्वित करने के लिए आगामी 19 अगस्त को खैरलांजी मे निशुल्क नेत्र जांच शिविर आयोजित किया जाएगा ।

**खबर संक्षेप**

### जिला योग प्रभारी मुन्ना लाल बघेल का विदाई सम्मान समारोह संपन्न

हरिभूमि न्यूज सिवनी। शासकीय जिला योग प्रशिक्षण केंद्र सिवनी और शासकीय तिलक हाई स्कूल सिवनी में रविवार को एक भावपूर्ण विदाई सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर श्री मुन्ना लाल बघेल, प्रधान पाठक, शासकीय प्राथमिक शाला, अंबेडकर वार्ड, सिवनी को सेवा निवृत्ति उपरांत सम्मानित किया गया। मुन्ना लाल बघेल जी ने योग के क्षेत्र में विशेष योगदान दिया है और सन 1993 से योग की विभिन्न गतिविधियों में निःस्वार्थ भाव से अपना अभूतपूर्व योगदान दिया है। वह सेवा निवृत्ति तक जिला योग प्रभारी के दायित्व का निर्वहन कर रहे थे।

### सतपुड़ा आईटीआई में ओपन कैम्पस का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज सिवनी। सतपुड़ा आईटीआई में देश की प्रसिद्ध कंपनी मिडिया इंडिया प्राइवेट लिमिटेड पुणे द्वारा ओपन कैम्पस का आयोजन किया गया जिसमे सिवनी जिले के साथ साथ अन्य जिले के लगभग 80 प्रतिभागियों ने भाग लिया। जिसमे कम्पनी द्वारा 35 छात्रों का चयन किया गया। संस्था प्रमुख प्रदीप पंचबुद्धे जी ने बताया की सतपुड़ा आईटीआई द्वारा स्टूडेंट्स के लिए लगातार कैम्पस का आयोजन किया जाता है।

# कालाबाजारीः सिवनी से जा रहा पिकअप वाहन मे यूरिया, मंडला में 75 बोरी खाद के साथ बोलेरो जब्त

**यूरिया की किल्लत से इन दोनों किसान जूझ रहा है और लगातार यूरिया की कालाबाजारी को लेकर धरना प्रदर्शन चक्का जाम जैसे आंदोलन शहर ग्राम बस्ती सड़कों पर हो रहे हैं इन सब के बावजूद भी कालाबाजारी रुकने का नाम नहीं ले रही है सुर्ख़ियों में आने के लिए कृषि अधिकारी के द्वारा ग्रामीण क्षेत्र की एक दुकान पर कार्यवाही की गई सूत्रों की माने तो जिला मुख्यालय में हजारों कृषि से संबंधित खाद बीज कीटनाशक की दुकान खुली हुई है लेकिन आज तलक जिले की किसी भी दुकान पर कोई भी कार्यवाही देखने और सुनने को नहीं आई है इसे हम क्या कहेंगे क्या संबंधित विभाग के द्वारा सिर्फ और सिर्फ खाना पूर्ति के लिए कार्यवाही की जाती है सूत्र यह भी कहते हैं कि जिला मुख्यालय की ऐसी कई दुकानें हैं जहां पर अवैध रूप से खाद का विक्रय किया जाता है और किसानों से मनमानी दाम लिए जा रहे हैं लेकिन कृषि अधिकारी को इन सब से कोई लेना देना किसान है दंश तो झेलना ही पड़ेगा।**



हरिभूमि न्यूज सिवनी।

मंडला जिले के नैनपुर में कृषि विभाग ने खाद की कालाबाजारी का मामला पकड़ा है। मार्कफेड गोदाम से खाद की बोरियों को बोलेरो वाहन के जरिए अवैध तरीके से सिवनी जिले ले जाया जा रहा था। कृषि विभाग की टीम ने वाहन की जांच के दौरान 70 बोरी यूरिया और 5 बोरी डीएपी बरामद की। वाहन को जब्त कर नैनपुर थाने लाया गया है। मौके पर कृषि विभाग की एसएडीओ पंचशीला वरकड़े सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे। पंचनामा सहित आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

नैनपुर थाना प्रभारी बलदेव सिंह मुजाल्दा ने बताया कि खाद से लदा वाहन थाने लाया गया है। जांच जारी है। कृषि विभाग के प्रतिवेदन के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

नैनपुर एसडीएम आशुतोष ठाकुर ने बताया कि खाद की कालाबाजारी को लेकर लगातार शिकायतें मिल रही थी। इसको देखते हुए कृषि और राजस्व विभाग की टीम बनाई गई। टीम द्वारा सिवनी और बालाघाट जिले की ओर जाने मार्ग पर नजर रखी जा रही थी। मंगलवार रात थांवर पुल के नजदीक से संदिग्ध वाहन को खाद ले जाते हुए पकड़ा गया है।

एसडीएम ने कहा कि इस मामले में मार्कफेड कर्मचारियों की भूमिका की जांच की जा रही है। किसानों की ओर से प्रस्तुत दस्तावेजों की भी जांच हो रही है। इसमें जो भी दोषी पाया जाता है उन पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

नैनपुर एसडीएम आशुतोष ठाकुर ने बताया कि खाद की कालाबाजारी को लेकर लगातार शिकायतें मिल रही थी। इसको देखते हुए कृषि और राजस्व विभाग की टीम बनाई गई। टीम द्वारा सिवनी और बालाघाट जिले की ओर जाने मार्ग पर नजर रखी जा रही थी। मंगलवार रात थांवर पुल के नजदीक से संदिग्ध वाहन को खाद ले जाते हुए पकड़ा गया है।

एसडीएम ने कहा कि इस मामले में मार्कफेड कर्मचारियों की भूमिका की जांच की जा रही है। किसानों की ओर से प्रस्तुत दस्तावेजों की भी जांच हो रही है। इसमें जो भी दोषी पाया जाता है उन पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

एक ओर किसान खाद की एक-एक बोरी के लिए लाइन में लगे हैं। वहीं शासन-प्रशासन खाद की उपलब्धता और वितरण के लिए लगातार प्रयास कर रहा है। इसके बावजूद भ्रष्ट कर्मचारी मौके का फायदा उठाकर कालाबाजारी में लिप्त हैं। इससे शासन की योजनाओं पर पानी फिर रहा है।

### उर्वरकों को निर्धारित दर से अधिक दर पर बेचने एवं कालाबाजारी पर एफ.आई.आर. दर्ज

सिवनी 5 अगस्त 25/कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन के निर्देशानुसार एवं उपसंचालक कृषि सिवनी के मार्गदर्शन में जिलें में कृषकों को गुणवत्ता युक्त कृषि आदान सामग्री उपलब्ध कराने के उद्देश्य से निरन्तर कार्यवाही की जा रही है। इस संबंध में निरीक्षण दल द्वारा ग्राम दूधिया वि.ख. केवलारी में प्राप्त शिकायत के आधार पर नरसिंह नारायण ट्रेडर्स ग्राम दूधिया में स्थित कृषि केन्द्र का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि संबंधित कृषि केन्द्र के पास ऑनलाईन स्टॉक में 139.2.35 मैट्रिक टन यूरिया, 25 मैट्रिक टन डी.ए.पी. एवं 10 मैट्रिक टन सिंगल सुपर फास्फेट उर्वरकों का स्टॉक था,किन्तु भौतिक रूप से संबंधित के गोदाम में 2.75 मैट्रिक टन सिंगल सुपर फास्फेट दानेदार एवं 8 मैट्रिक टन सिंगल सुपर फास्फेट पाउडर एवं 0.35 मैट्रिक टन बायो पोटास ही भण्डारित होना पाया गया। संबंधित फर्म के संचालक दीपक साहू से ऑनलाईन स्टॉक एवं भौतिक स्टॉक में पाये गये अन्तर के संबंध में कोई भी स्पष्ट जानकारी एवं दस्तावेज प्रस्तुत नही किये गये।

दीपक साहू द्वारा प्रस्तुत बिल बुक में अलग-अलग कृषकों को उर्वरकों का वितरण निर्धारित दर से अधिक दर पर विक्रय होना पाया गया। दीपक साहू द्वारा उर्वरक वितरण में गंभीर अनियमितता बरते जाने पर संबंधित के विरूद्ध उर्वरक नियंत्रण आदेश 1995 एवं आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धाराओं में थाना केवलारी में दिनांक 05/08/2025 को एफ.आई.आर. दर्ज कराई गई है। जिले में उर्वरक वितरण व्यवस्था में अनियमितता बरतने पर वैधानिक कार्यवाही की जायेगी।

## सांसद प्रतिनिधि की क्या भूमिका है सिवनी जिले के लिए पूछती है सिवनी की जनता

हरिभूमि न्यूज सिवनी।




सिवनी का इसे दुर्भाग्य कहे की सौभाग्य यह बात समझ से परे हैं ऐसा हम इसलिए कह रहे हैं लोकसभा सीट बालाघाट सिवनी होने के कारण बालाघाट एवं सिवनी के सांसद एक ही रहेंगे लेकिन सांसद के द्वारा उनके प्रतिनिधि नियुक्त किया गया है अब सिवनी में सांसद प्रतिनिधि की क्या भूमिका है और अभी तक उनके द्वारा शिवानी की कितनी समस्याओं को सांसद महोदय तक पहुंचाया गया है यह समझ में नहीं आता देखा जाए तो सिवनी विकास मांग रहा है। आज बरघाट रेलवे क्रॉसिंग पर ब्रिज बनने की आवश्यकता है छिंदवाड़ा रेलवे क्रॉसिंग पर ब्रिज बनने की आवश्यकता है रोजगार के लिए उद्योगों का होना आवश्यक है क्योंकि सिवनी में बेरोजगारी चरम पर है और भी अन्य मुद्दे हैं जो की अति आवश्यक है सिवनी के लिए लेकिन सिवनी के सांसद और सांसद प्रतिनिधियों के द्वारा सिवनी विकास के लिए ऐसा कोई भी कदम नहीं उठाया जा रहा है सांसद प्रतिनिधि के द्वारा समय-समय पर सूचना आम जनमानस तक पहुंचना चाहिए समाचार पत्रों के माध्यम से लेकिन शिवनी सांसद प्रतिनिधि के द्वारा ऐसा कोई भी कार्य नहीं किया जा रहा ना ही मीडिया से उनका संपर्क रहता है।

## कलेक्टर ने किया तहसील न्यायालय कुरई का आकस्मिक निरीक्षण

कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन ने मंगलवार को तहसील न्यायालय कुरई का आकस्मिक निरीक्षण किया। उन्होंने एसडीएम न्यायालय एवं तहसीलदार न्यायालय का निरीक्षण कर न्यायालयीन कार्यवाही, लंबित प्रकरणों की स्थिति, सुनवाई प्रक्रिया सहित उपस्थिति पंजी तथा दस्तावेजों के रखरखाव व्यवस्था का अवलोकन कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। कलेक्टर सुश्री जैन ने उपस्थित तहसीलदार को निर्देशित किया कि शासन के नवीन दिशा-निर्देशानुसार सभी कार्यदिवसों में प्रातः 10 से 06 बजे तक न्यायालयीन कार्यों का संपादन करते हुए अधिकतम प्रकरणों की सुनवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिये हैं। कलेक्टर सुश्री जैन ने ऐसे प्रकरण जो समय-सीमा में पटवारी रिपोर्ट प्रस्तुत न होने के कारण लंबित हैं, ऐसे सभी प्रकरणों में संबंधित पटवारियों को कारण बताओं नोटिस जारी करने के निर्देश दिये हैं।



इसके अतिरिक्त कलेक्टर सुश्री जैन ने न्यायालयीन प्रक्रिया तथा प्रकरणों के निराकरण और आवेदकों की सुविधाओं के लिए न्यायालयीन कार्यों की कार्य क्षमता में वृद्धि करते हुए समय-सीमा में प्रकरणों के निराकरण को लेकर विस्तृत दिशा-निर्देश दिये हैं। निरीक्षण के दौरान एसडीएम कुरई श्री प्रशांत उइके सहित अन्य संबंधित अधिकारियों की उपस्थिति रही।

## अमानक खाद्य सामग्री पर प्रशासन सख्त, कई प्रतिष्ठानों से सैंपल लेकर भेजे गए जांच हेतु

हरिभूमि न्यूज सिवनी।



कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन के निर्देशानुसार जिले में अमानक खाद्य पदार्थों के निर्माण, भंडारण एवं विक्रय पर सख्त निगरानी रखी जा रही है। इसी क्रम में खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग की टीम द्वारा जिले भर में सतत जांच अभियान चलाया जा रहा है। जांच के दौरान औचक निरीक्षण कर खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता की जांच मैजिक बॉक्स और रासायनिक विधियों से मौके पर ही की जा रही है। जांच दल ने सिवनी शहर के विभिन्न प्रतिष्ठानों से खाद्य सामग्री के कुल 14 नमूने एकत्र कर राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला, भोपाल भेजे हैं। जिन प्रतिष्ठानों से नमूने लिए गए, उनमें निम्नलिखित प्रमुख हैंःकमला दूध डेयरी से दूध,विशाल मेगा मार्ट से टोस्ट एवं काबुली चना,मोर एंड मोर से फ्रूट जेली,रितेश गुप्ता स्वीट्स से कुंडा, कलाकंद, नमकीन और पेड़ा,नीलिमा कॉफी हाउस से छैने का रसगुल्ला एवं मगज लड्डू,भगवान सहाय मिष्ठान भंडार से मीठी सलोनी और मगज लड्डू,रामगोपाल शर्मा मिष्ठान भंडार से मगज और बूंदी लड्डू,गंगेरुआ स्थित क्वालिटी डेयरी से पनीर, खोवा और सोनपपड़ी,नव दुर्गा बीकानेर से पनीर एवं मसाला नमकीन सेव। खाद्य एवं औषधि प्रशासन द्वारा ऐसे औचक निरीक्षण आगे भी सतत रूप से जारी रहेंगे।

## प्राचीन सूर्य मंदिर में हरियाली महोत्सव का भव्य कार्यक्रम संपन्न

हरिभूमि न्यूज सिवनी।



श्री प्राचीन सूर्य मंदिर टैगोर वार्ड में हरियाली महोत्सव का भव्य कार्यक्रम संपन्न हुआ जिसमें भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की पूर्व जिला अध्यक्ष गोमती ठाकुर जी सीता डहरिया जी कलचुरी समाज सोनी समाज यादव समाज वैश्य समाज चौरसिया समाज अग्रवाल समाज ब्राह्मण समाज डहेरिया समाज साहू समाज पटवा समाज बंजारा समाज कायस्थ समाज सिंधी समाज पंजाबी समाज राम मंदिर महिला मंडल जगदीश मंदिर महिला मंडल कृष्ण मंदिर महिला मंडल सिंह वाहिनी मंदिर महिला मंडल बाल स्वरूप पंचमुखी हनुमान मंदिर महिला मंडल शिव शक्ति महिला मंडल मां शारदा मंदिर महिला मंडल माता राज राजेश्वरी मंदिर महिला मंडल नेहरू रोड देसाई मातामाता मंदिर महिला मंडल गिरजा कुंड हनुमान मंदिर महिला मंडल राजपूत ठाकुर समाज महिला मंडल पवार समाज महिला मंडल राजस्थानी महिला मंडल छत्तीसगढ़ महिला मंडल सृजन बहुउद्देशीय संस्था बंडोल से बंजारी माता मंदिर महिला मंडल संस्कृति ग्रुप आनंदम से नैना बरकड़े जी एवं अन्य समाज की सभी बहनों और इस कार्यक्रम की मंच संचालक पूरे मंच को संभालने वाली सबका आदर सम्मान करने वाली बहन रंजना चौहान जी इन सभी बहनों के सहयोग से भजन कीर्तन गायन राधा कृष्ण के सुंदर नृत्य सावन के झूले सावन के मनमोहक गीत एवं सभी बहनों का स्वागत बंधन के साथ यह कार्यक्रम पूर्ण बबीता के साथ संपन्न हुआ आप सभी ने मुझे भरपूर समय दिया आप सभी बहनों को बहुत-बहुत आभार और बहुत-बहुत बधाई राधा कृष्ण की सुंदर छवि तैयार करने का श्रेय कायाकल्प ब्यूटी पार्लर की संचालिका श्रीमती रुचि चौरसिया जी को जाता है जिन्होंने हमारे कार्यक्रम में ऐसी सुंदर मनमोहक सितारे तैयार कर इस कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए बहुत-बहुत धन्यवाद रुचि बेटा हर समय तुम्हारा ऐसा ही योगदान में आगे भी मिलता रहे तुम बहुत आगे बढ़ो जय जय श्री राम जय जय श्री राम बोले सूर्य नारायण भगवान की जय कार्यक्रम की आयोजक श्रीमती आराधना चौरसिया भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा नगर अध्यक्ष उत्तर मंडल सूर्य मंदिर अध्यक्ष।

इस कार्यक्रम में उपस्थित हमारीसभी मातृ शक्तियों को तिलक बंधन मेहंदी महावर एवं सभी समाज की अध्यक्षों काम माला एवं श्रीफल से स्वागत वंदन किया गया कार्यक्रम के समापन पर भगवान श्री सूर्य देव की आरती के पश्चात महा प्रसाद सभी बहनों को पान के बीड़ा खिला कर आभारव्यक्त किया।

## दीनदयाल स्पर्श योजना अंतर्गत विजेता प्रमाण पत्र वितरण समारोह संपन्न

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

डाकघर संभाग बालाघाट द्वारा जानकारी देकर बताया गया कि दीनदयाल स्पर्श योजना वर्ष 2023-24 एवं 2024-25 के विजेताओं का प्रमाण पत्र वितरण समारोह विगत दिवस शासकीय उत्कृष्ट स्कूल बालाघाट में आयोजित किया गया। आयोजित समारोह में प्रमाण पत्र वितरण कार्यक्रम श्री वाय. एल. धनेन्द्र, अधीक्षक डाकघर बालाघाट की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि के रुप में श्री अशोक चौबे, वरिष्ठ फिलैटली मेंटोर, श्री शरद ज्योतिषी प्रचार्य शासकीय उत्कृष्ट स्कूल बालाघाट उपस्थित रहे। उन्होंने बताया कि दीनदयाल स्पर्श योजना के तहत पूरे मध्य प्रदेश परिमण्डल में कुल 40 बच्चों का चयन किया जाता है। जिसमें से वर्ष 2023-24 में 22 बच्चे एवं वर्ष 2024-25 में 13 बच्चे बालाघाट संभाग से चयनित हुये।

### रजनीश हरवंश सिंह ने पुलिस की प्रतीकात्मक वर्दी पहनकर प्रदर्शन किया



हरिभूमि न्यूज सिवनी। मध्यप्रदेश विधानसभा परिसर में दिनांक 06 अगस्त 2025 को केवलारी विधायक ठा.रजनीश हरवंश सिंह ने पुलिस कांस्टेबल भर्ती परीक्षा घोटाले को लेकर कांग्रेस विधायकों के साथ पुलिस की प्रतीकात्मक वर्दी पहनकर प्रदर्शन किया।

### महाराष्ट्र राज्य के वित्त व नियोजन, कृषि राज्यमंत्री आशीष जायसवाल का बरघाट आगमन हुआ

**बरघाट** । पड़ोसी राज्य महाराष्ट्र के नागपुर जिले की रामटेक विधानसभा से लगातार जीतकर विधायक बनने वाले तथा वर्तमान में महाराष्ट्र सरकार के वित्त व नियोजन तथा कृषि विभाग के राज्यमंत्री एडवोकेट श्री आशीष जायसवाल जी का विगत दिवस बरघाट आगमन हुआ। वे यहाँ अपनी बहन बरघाट के पूर्व पार्षद जायसवाल ऋषभ जायसवाल की माताजी से मिलने पहुँचे थे। विदित हो कि ऋषभ जायसवाल की माताजी का स्वास्थ्य खराब चल रहा ह और उनका पिछले 15 दिनों से नागपुर के हास्पिटल में उपचार चल रहा था। महाराष्ट्र राज्य सरकार के मंत्री आशीष जायसवाल के आगमन पर ऋषभ जायसवाल सहित मित्रगणों ने उनका स्वागत किया। इस दौरान पारिवारिक चर्चा के साथ साथ मंत्री जी ने सभी उपस्थित लोगों से मेल मुलाकात की। इस अवसर पर बरघाट कलचुरी समाज के पदाधिकारियों ने भी महाराष्ट्र सरकार के मंत्री आशीष जायसवाल जी का स्वागत सम्मान किया और भविष्य में बरघाट

## हर घर तिरंगा और मंडल स्तर पर तिरंगा यात्रा को गौरवपूर्ण बनाएं - मीना बिसेन

**सिवनी।** भारतीय जनता पार्टी के आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक मंगलवार को भाजपा जिला कार्यालय सिवनी में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष श्रीमती मीना बिसेन ने की। उन्होंने कहा कि इस वर्ष का स्वतंत्रता दिवस भारत के विजय उत्सव और गौरव गान का सत्र है। ऑपरेशन सिंदूर और ऑपरेशन महादेव जैसे राष्ट्रीय पराक्रमों के बाद देशभक्ति का यह पर्व हर नागरिक और कार्यकर्ता के लिए विशेष महत्व रखता है।

श्रीमती बिसेन ने कहा कि तिरंगा यात्रा को मंडल स्तर पर नवाचारों के साथ जनसहभागिता से संपन्न करना हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने पूर्व आयोजनों की समीक्षा करते हुए बताया कि जैसे मन की बात कार्यक्रम की अपलोडिंग में जिले ने 62त्न की उपलब्धि हासिल की थी, उसी प्रकार आगामी सभी आयोजनों की डिजिटली जानकारी समय पर अपलोड हो यह सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने आगे बताया कि एक पेड़ माँ के नाम वन नेशन - वन इलेक्शन, अटल जी की जन्मशताब्दी वर्ष से जुड़े आयोजन, अटल जी की पुण्यतिथि एवं कुशाभाऊ ठाकरे जी की जयंती जैसे कार्यक्रम भी निकट भविष्य में हर बूथ पर आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने मंडल स्तर पर समयबद्ध बैठकों और योजना निर्माण की आवश्यकता पर भी बल दिया।

## गूंज संस्थान ने चलाया स्वच्छता पखवाड़ा

**हरिभूमि न्यूज सिवनी**। गूंज संस्थान के तत्वाधान में स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत किशोरी बालिकाओं और महिलाओं के लिए माहवारी (मासिक धर्म) स्वच्छता को लेकर सी व्ही रमन वार्ड आंगनवाड़ी में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में पार्षद अनुसुईया पटवा और मीना ठाकुर ने महिलाओं को महत्वपूर्ण जानकारी दी कि माहवारी के दौरान स्वच्छता बनाए रखना क्यों ज़रूरी है और इससे स्वास्थ्य को कैसे सुरक्षित रखा जा सकता है। उन्होंने बताया कि साफ-सफाई न रखने से इन्फेक्शन और अन्य बीमारियाँ हो सकती हैं।

अनुसूईयाजी ने कहा, हर लड़की और महिला को चाहिए कि माहवारी के समय साफ कपड़ा या सेनेटरी पैड का इस्तेमाल करे और उसे समय-समय पर बदले।

मीनाजी ने यह भी बताया कि इस्तेमाल किए हुए पैड को सही तरीके से फेंकना और हाथ धोना बेहद ज़रूरी होता है। कई महिलाएं और लड़कियां इस कार्यक्रम में शामिल हुईं और उन्होंने खुलकर अपने सवाल पूछे। कार्यक्रम का उद्देश्य था महिलाओं को शर्म और झिझक से बाहर निकालकर उन्हें इस विषय पर खुलकर बात करने के लिए प्रोत्साहित करना। अंत में बायोडिग्रेडेबल सैनेटरी नैपकिन का वितरण किया गया ।कार्यक्रम को सफल बनाने में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता का भरपूर सहयोग रहा ।

### स्कूल प्रबंधकों की बैठक में लिए गए आवश्यक निर्णय

## मुख्य मार्गों में स्थित स्कूलों का लगने एवं छुट्टी का समय हुआ निर्धारित

हरिभूमि न्यूज सिवनी।



कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन के निर्देशानुसार अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सुश्री मेघा शर्मा द्वारा स्कूली समय में सुगम यातायात तथा स्कूली बच्चों की सुरक्षा को लेकर भारी आवागमन वाले मार्गों में स्थित स्कूल प्रबंधन की बैठक लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गए। बैठक में खंड शिक्षा अधिकारी सिवनी, महर्षि विद्या मंदिर सिवनी, सेंट फ्रांसिस स्कूल सिवनी, उदय पब्लिक स्कूल सिवनी, आईपीएस स्कूल सिवनी के प्राचार्यों एवं जिला शिक्षा अधिकारी उपस्थित थे। आयोजित बैठक में लिए गए निर्णयानुसार स्कूल प्रबंधकों द्वारा सर्वसहमति से अंतराल अनुरूप विद्यालय प्रारंभ करने एवं छुट्टी का समय निर्धारित किया गया। जिसमें महर्षि विद्या मंदिर सिवनी प्रातः 08:15 बजे प्रारंभ एवं दोपहर 02.15 बजे अवकाश एवं सेंट फ्रांसिस स्कूल सिवनी प्रातः07.50 बजे प्रारंभ एवं दोपहर 02:15 बजे अवकाश के निर्णय लिए गए हैं। इस तरह उदय पब्लिक स्कूल सिवनी प्रातः 08.10 बजे से प्रारंभ होगा एवं दोपहर 02:10 बजे अवकाश एवं आई पी एस स्कूल सिवनी प्रातः08 बजे प्रारंभ होगा तथा दोपहर 02 बजे विद्यालय प्रारंभ होने एवं अवकाश होने के समय का निर्धारण किया गया है। बैठक में विद्यालय निर्धारित समय पर ही निर्धारित समय पर ही अवकाश दिया जाएगा। विलंब से आने वाले छात्रों के लिए विद्यालय प्रशासन द्वारा नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही की जावेगी। विद्यालय में छात्र/छात्राओं के वाहन आटो / बसों को विद्यालय के अंदर ही खड़ा कर छात्र/छात्राओं उतारा जावेगा। वाहन के वाहन चालकों द्वारा रोड पर नहीं उतारा जावेगा। यदि किसी वाहन चालक द्वारा छात्र/छात्राओं को रोड पर उतारना पाया जाता है तो उसके लिए विद्यालय प्रशासन जबाबदार होगा तथा आटोचालक एवं बस के विरूद्ध आरटीओ विभाग द्वारा कार्यवाही की जावेगी।विद्यालय प्रारंभ होने एव अवकाश के समय विद्यालय प्रशासक द्वारा दो-दो गार्ड विद्यालय के बाहर खड़े करना आवश्यक होगा और उनके द्वारा विधिवत वाहनों को विद्यालय के अंदर किया जावेगा और स्टापर विद्यालय प्रशासन द्वारा ही बनाया जावेगा।विद्यालय के सभी छात्र/छात्राओं के अभिभावकों एवं पालकों को बच्चों को समय पर विद्यालय भेजे जाने हेतु सूचना जारी करने के निर्देश सभी प्राचार्यो को दिये गये।

## किसानों की बैठक आज

**सिवनी**। समस्त पदाधिकारी विकासखंड समिति के पदाधिकारी ग्राम समिति के समस्त पदाधिकारी एवं जिले के समस्त किसान बंधु आप सभी को सूचित किया जाता है किसानों की समस्याओं को लेकर राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ जिला सिवनी द्वारा समय-समय पर बैठक आयोजित कर सरकार को अपनी बात बताने एवं निर्णय लेकर बड़े आंदोलन के माध्यम से किसानों की समस्याओं को समाधान किया गया है वर्तमान समय में किसानों की समस्या बहुत ही जटिल है किसानों को रासायनिक उर्वरक प्तडीएपी एवं यूरिया की भारी समस्या हो रही है और जिले में जो खाद आ रही है वह पर्याप्त मात्रा में किसानों को नहीं मिल पा रही है राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ जिला सिवनी सभी समस्याओं को लेकर किसानों की एक बैठक का आयोजन किया गया है अतः आप सभी किसानो की उपस्थिति सादर प्रार्थनीय है बैठक स्थान बंटी ठाकुर गोदाम (अमन वेयरहाउस के बाजू में) पलारी चौराहा समय 3.00 से 5.00 तक समय का विशेष ध्यान रखें दिनांक 7. 8.2025 दिन गुरुवार आवश्यक बिंदु निम्न है 1, रासायनिक उर्वरक की समस्या यूरिया और प्तडीएपी का संकट 2, रासायनिक उर्वरक के साथ अन्य आदान सामग्री किसानों को जबरदस्ती दी जाती है जो पूर्णता बंद हो 3.संजय सरोवर परियोजना की प्तनेहरो की सीमेंटीकरण की टेंडर प्रक्रिया का पालन करते हुए कार्य करने विषयक चर्चा 4.रबी सीजन 2024.25 संजय सरोवर परियोजना के अंतर्गत पानी के अभाव में सुखी फसलों की क्षतिपूर्ति राहत राशि के संबंध में चर्चा

## विधायक दिनेश राय मुनमुन ने संत असंग देव प्रभु से शुभाशीष प्राप्त किया

**हरिभूमि न्यूज सिवनी**। बुधवार को सिवनी विधानसभा क्षेत्र के विधायक श्री दिनेश राय मुनमुन जी ने संत असंग देव जी प्रभु से आत्मीय भेंट कर शुभाशिष प्राप्त किया।आज विधायक श्री दिनेश राय मुनमुन जी ने दोपहर 01:30 बजे विधानसभा परिसर भोपाल में पूज्य संत असंग देव जी प्रभु से आत्मीय भेंट कर शुभाशिष प्राप्त हुआ। इसके अलावा गत दिवस विधानसभा सत्र मे सहभागिता उपरांत रात्रि समय अपने निज निवास पहुंचे। तथा आज प्रातः 07:00 बजे विधायक श्री दिनेश राय मुनमुन जी ने सिवनी नगर पहुंचकर आयोजित राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की बैठक मे सहभागिता किया तथा बैठक के उपरांत पुनः प्रातः 09:15 बजे भोपाल के लिए प्रस्थान किया। और 01:30 बजे भोपाल पहुंचकर विधानसभा सत्र मे भाग लिया।



## कलम बंद हड़ताल करके सौंपे कलेक्टर को वाहन
# कार्य विभाजन को लेकर नाराज है तहसीलदार

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



बालाघाट में तहसीलदार और नायब तहसीलदार बुधवार से न्यायालयीन और गैर न्यायालयीन काम के विभाजन के विरोध में अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए हैं। उन्होंने बुधवार से काम और कलम बंद हड़ताल शुरू कर दी है।

सर्किट हाउस में एकत्रित हुए जिले के तहसीलदारों और नायब तहसीलदारों ने अपने शासकीय वाहनों को कलेक्ट्रेट में सौंप दिया है। दरअसल, बीते महीने कलेक्टर ने सरकार के आदेश पर राजस्व सेवा के कनिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों को न्यायालयीन और गैर न्यायालयीन काम का दायित्व सौंपा था।

तहसीलदार और नायब तहसीलदार इस कार्य विभाजन को मनमाना और नियम के खिलाफ बता रहे हैं। उनकी मांग है कि कार्य विभाजन के कलेक्टर आदेश को तत्काल प्रभाव से स्थगित किया जाए। उनका कहना है कि यह विभाजन बिना किसी अध्ययन और सिफारिश के लागू किया गया है।

मध्यप्रदेश राजस्व अधिकारी कनिष्ठ प्रशासनिक सेवा संघ के जिलाध्यक्ष तहसीलदार भूपेंद्र अहिरवार ने बताया कि जिले के सभी 21 तहसीलदार और नायब तहसीलदार आदेश वापस होने तक आपदा प्रबंधन के कामों को छोड़कर अपने कार्यों से विरत रहेंगे।

उन्होंने स्पष्ट किया कि उनके सेवा नियम में राजस्व के साथ ही कार्यपालन मजिस्ट्रेट के कार्यों का निर्वहन शामिल है। लेकिन नए विभाजन में किसी को न्यायालय तो किसी को कार्यपालिक मजिस्ट्रेट का दायित्व सौंप दिया गया है। यह विभाजन नीति उन्हें स्वीकार्य नहीं है।

इस हड़ताल से राजस्व संबंधित कामों के अलावा जन्म प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, नामांतरण, बंटवारा, सीएम हेल्पलाइन और पीएम किसान सम्मान निधि सहित अन्य राजस्व कार्यों पर रोक लग गई है।

# जप बिरसा में शिक्षा समिति की बैठक आहूत

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



जनपद पंचायत बिरसा में स्थाई शिक्षा समिति की बैठक 06 अगस्त को आहूत की गई।बैठक में शिक्षा समिति के सभापति हेमंत साहू के द्वारा विभिन्न बिंदुओं को लेकर सर्व प्राचार्य से जानकारी मांगी गई थी।बैठक में गत वर्ष के वार्षिक परीक्षा परिणाम की समीक्षा, कक्षा 10वीं और 12वीं में 90% से ऊपर अंक अर्जित करने वाले छात्र/छात्राओं की जानकारी, अतिथि शिक्षक के संबंध में जानकारी, निः शुल्क पाठ्य पुस्तक वितरण की जानकारी, निः शुल्क साइकिल वितरण की जानकारी,जर्जर स्कूल भवन की जानकारी,स्कूल में शौचालय की स्थिति की जानकारी,त्रैमासिक परीक्षा 2025 की तैयारी के संबंध में जानकारी मांगी गई।उक्त सभी बिंदुओं पर सभापति हेमंत साहू के द्वारा विकासखंड अधिकारी के.के.पारधी सहित सभी प्राचार्यों से बारी-बारी से विस्तृत चर्चा की गई।कक्षा 10वीं में शासकीय हाई स्कूल समनापुर,डाबरी,कन्या हाई स्कूल मोहगांव,कन्या हाई स्कूल दमोह,हाई स्कूल जमुनिया, सोनगुड्डा,रेलवाही,पंड्रापानी और हाई स्कूल गुदमा का गत वर्ष का वार्षिक परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा।इसी प्रकार कक्षा 12वीं में शासकीय उ.मा.वि. डाबरी और गुदमा का भी वार्षिक परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा।विकासखंड बिरसा में कक्षा 10वीं में सत्र 2024-25 में बोर्ड परीक्षा में 90% से अधिक अंक 17 विद्यार्थियों ने अर्जित किए हैं जबकि कक्षा 12वीं में शासकीय पी.एम.श्री उ.मा.वि.पल्हेरा और शासकीय मॉडल स्कूल बिरसा से 3-3 विद्यार्थी 90% से अधिक अंक प्राप्त किए हैं।सभी स्कूलों में पाठ्य पुस्तक का वितरण कर दिया गया।लेकिन शासकीय मॉडल स्कूल बिरसा में अंग्रेजी माध्यम की किताब अभी तक पहुंच नही पाई है।स्कूल द्वारा इस विषय को लेकर जिला शिक्षा अधिकारी को पत्राचार किया जा चुका है।इसी प्रकार सभापति के द्वारा विकासखंड बिरसा के अंतर्गत जर्जर स्कूल भवन के बारे में भी जानकारी मांगी गई।उन्हें बताया गया कि लगभग 35 शासकीय प्राथमिक शाला,भवन विहिन हैं।वहीं 47 प्राथमिक शाला भवन जर्जर स्थिति है।अधिकांश स्कूलों में शौचालय की स्थिति ठीक नहीं है।इसी प्रकार त्रैमासिक परीक्षा की तैयारी के संबंध में भी चर्चा की गई।बैठक में शासकीय उ.मा.वि.निक्कुम में पदस्थ शिक्षक डॉ. हरिशंकर यादव जिनका हाल ही में सहायक प्राध्यापक के लिए चयन हुआ है,उनका स्वागत किया गया।सभी प्राचार्यों से विद्यालय संचालन में भूमिका और शैक्षणिक गतिविधियों को रोचक बनाने हेतु बात कही गई।साथ ही बोर्ड परीक्षा सत्र 2025-26 के लक्ष्य के बारे में भी बारी-बारी से पूछा गया।बच्चों की उपस्थिति अधिक हो इसको भी लेकर सभी से राय ली गई।आज की बैठक में सभापति हेमंत साहू के अतिरिक्त शिक्षा समिति के सदस्य लक्ष्मीकांत धुर्वे,गायत्री मराठे,प्रमिला वल्के विकासखंड अधिकारी के.के.पारधी,प्राचार्य लीना स्टीफन,गंगाप्रसाद कटरे,कुलदीप कटरे,केदार छेदाम,हरिलाल गेडाम, जयप्रकाश यादव, डॉ.हरिशंकर यादव,हेमंत राणा,सुनीता मंडल,ओमप्रकाश डाहरे, कार्यालय से दिलीप मरकाम सहित सर्व प्राचार्य की उपस्थिति रही।

# सामाजिक अंकेक्षण की टीम कर रही डोंगरिया पंचायत में मनरेगा कार्यों का सोशल आडिट

हरिभूमि न्यूज खैरलांजी।



जनपद पंचायत खरलांजी के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत डोंगरिया में सामाजिक अंकेक्षण की टीम के द्वारा 6 अगस्त से महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना के अंतर्गत 2024 -25 में हुए निर्माण कार्यो का सोशल आडिट किया जा रहा है। जिसके लिए बुधवार को सामाजिक अंकेक्षण की टीम ग्राम पंचायत कार्यालय में पहुंच कर सोशल आडिट शुरू किया। जो लगातार पांच दिवस तक किया जाएगा। सोशल आडिट की टीम के द्वारा 13 अगस्त को विशेष ग्राम सभा आयोजित कर ग्रामीवासियो के समक्ष लेखा जोखा प्रस्तुत किया जाएगा। इस दौरान सोशल आडिट की टीम के द्वारा मनरेगा के अंतर्गत हुए निर्माण कार्यो के दस्तावेज की जांच , कार्यो का भौतिक सत्यापन एंव निमार्ण कार्यो को लेकर लाभान्वित हितग्राही एंव ग्रामीण से मौखिक चर्चा की जायेगी तथा सामाजिक अंकेक्षण कराने में पंचायत के कर्मचारीयो का सहयोग मिल रहा है । इस दौरान सोशल आडिट ब्लॉक प्रभारी रीना पटले ने बताया की मनेरेगा के अंतर्गत हुए निर्माण कार्यो का सोशल आडिट किया जा रहा है। जो 13 अगस्त तक चलेगा अंतिम दिवस विशेष ग्राम सभा होगी । बताया की श्रम विभाग अंतर्गत मप्र भवन एंव सनिमार्ण कर्मकार कल्याण मंडल की अनुग्रह सहायता एंव आयुष्मान भारत योजना के हितग्राही का भी सत्यापन किया जाना है।इस दौरान सोशल आडिट ब्लॉक प्रभारी रीना पटले, वीएसए दिपेश्वरी लिल्हारे, संजुलता हरिनखेडे, सचिव सोहन राऊत ,जीआरएस अरविंद नागपुरे सहित ग्रामीण मौजूद रहे।

# विधायक भगत ने जिले में उद्योग से संबंधित मुद्दों को उठाया

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



परसवाड़ा विधानसभा क्षेत्र के विधायक मधु भगत ने विधानसभा सदन में अपनी सक्रियता को बनाये रखते हुए लगातार क्षेत्र एवं जिले के जुडे मुद्दों की तरफ सदन का ध्यान केन्द्रित किया जा रहा है। उसी के अंतर्गत प्रश्न क्रमांक 2687 के अंतर्गत उन्होने मुख्यमंत्री से पूछा की पिछले पांच वर्षो में बालाघाट जिले में कौन-कौन से उद्योग लगाने के लिये प्रस्ताव आये है और किन उद्योगों को शासन ने मंजूरी दी है। संचालित उद्योग में कितने स्थानीय लोगों को किन-किन कार्यों में रखा गया है एवं कितने लोग जिले के बाहर से संचालित उद्योगों में किस किस पद पर कार्य कर रहे है तथा इन उद्योगों में कितने प्रतिशत श्रमिक महिला को रखने का प्रावधान है तथा उद्योग में कार्य करने वाले समस्त मजदूरों के वेतन बाउचर एवं ईपीएफ के पीसीआर के विगत 8 के चालान की प्रतियां उपलब्ध कराये।इस प्रश्न के जवाब में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन विभाग द्वारा स्वयं उद्योगों की स्थापना नहीं की जाती। अपितु प्रदेश में वृहद श्रेणी के औद्योगिक इकाईयों की स्थापना को प्रोत्साहित करने हेतु प्रचलित विभागीय नीतियों के माध्यम से उद्योग को सहयोग एवं सुविधायें पात्रतानुसार प्रदान की जाती है। एमपी इंडस्ट्रीयल डेवलपमेंट कार्पोरेशन लिमि. द्वारा विगत पांच वर्षों में औद्योगिक इकाईयों को उद्योग स्थाना हेतु आबंटित भूमि की जानकारी पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट अ अनुसार है। श्रम विभाग से प्राप्त जानकारी अनुसार उद्योगो में महिला श्रमिकों के प्रतिशत संबंधित प्रावधान किसी श्रम कानून में नहीं है। उद्योग संवर्द्धन नीति 2014/2025 अंतर्गत उद्योगों में श्रमिकों महिलाओं को कार्य पर रखने का कोई प्रतिशत निर्धारित नहीं है। इतना ही नहीं जिले में संचालित उद्योगों में कार्य करने वाले मजदूरों के वेतन बाउचर एवं ईपीएफ के पीसीआर की जानकारी विभाग द्वारा संघारित नहीं की जाती।

# बाघ मामले में अनुपस्थित कर्मचारियों को 2 दिन के भीतर कर्तव्य पर उपस्थित होने के निर्देश

### कर्तव्य पर उपस्थित नही होने पर सेवा से पृथक करने की कार्यवाही होगी

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

दक्षिण सामान्य वन मण्डल के वनमण्डलाधिकारी अधर गुप्ता ने भटेरा चौकी पम्प हाऊस गली बालाघाट निवासी वनपाल टीकाराम हनोते एवं लांजी तहसील के ग्राम साडरा, वर्तमान पता वार्ड न. 33 मोती नगर कुमार फर्नीचर के पीछे बालाघाट निवासी वनरक्षक श्री हिमाशु घोरमारे पिता श्री डुलचंद घोरमारे को निर्देशित किया गया है कि 02 दिन के भीतर अपने कर्तव्य पर उपस्थित हो अन्यथा उनके विरूद्ध सेवा से पृथक करने की कार्यवाही प्रारंभ की जाएगी। इन दोनो कर्मचारियों द्वारा अपने मोबाईल नम्बर बंद करके रखे गए है जो सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम 3 के विपरीत है और गंभीर अपराध की श्रेणी में आता है।

वन विभाग के लालबर्रा परिक्षेत्र के बहियाटिकुर बीट क्रमांक 440 में वन्य प्राणी बाघ का शव पाया गया था। इस घटना के दौरान वनपाल टीकाराम हनोते एवं वनरक्षक हिमांशु घोरमारे इस बीट में पदस्थ थे। इस प्रकरण में 02 अगस्त को वन अपराध क्रमांक 16036/06 दर्ज कर विवेचना की जा रही है। वनपाल टीकाराम हनोते एवं वनरक्षक हिमांशु घोरमारे 03 अगस्त से कार्यालय से अनुपस्थित पाये गए है, उनके कार्य क्षेत्र की घटना होने एवं उनके द्वारा किसी प्रकार का सहयोग नही करने से अन्य जानकारी सामने नही आ रही है। जिसके कारण उन्हें दो दिन के भीतर अपने कर्तव्य पर उपस्थित होने के लिये अंतिम बार सूचित किया गया है।

# मॉ अम्बे कृषि केंद्र रजेगांव एवं सहकारी समिति बिठली से लिये गए उर्वरक के नमूने अमानक पाए

### अमानक लॉट वाले उर्वरक के क्रय विक्रय एवं भंडारण पर प्रतिबंध लगाया गया

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** उपसंचालक कृषि एवं अधिसूचित प्राधिकारी फूलसिंह मालवीय ने मॉ अम्बे कृषि केंद्र रजेगांव से लिये गए सरदार एग्रो फर्टीलाईजर कम्पनी गुजरात के सिंगल सुपर फास्फेट के नमूने एवं आदिमजाति सेवा सहकारी समिति बिठली से कृष्णा फोस्केम लिमिटेड मेघनगर झाबुआ द्वारा निर्मित 20:20:00:13 उर्वरक के नमूने प्रयोगशाला जांच में अमानक पाए जाने पर उसके अमानक लॉट वाले उर्वरक के क्रय विक्रय एवं भंडारण पर प्रतिबंध लगा दिया है। इसके साथ ही उर्वरक निर्माता कम्पनी को कारण बताओं नोटिस जारी किया गया है।

मॉ अम्बे कृषि सेवा केंद्र रजेगांव से 10 जुलाई को सरदार एग्रो फर्टीलाईजर कम्पनी गुजरात के बेच क्रमांक जेड-005 के सिंगल सुपर फास्फेट के नमूने एकत्र कर प्रयोगशाला जांच के लिए भेजे गए थे। प्रयोगशाला जांच में यह नमूने अमानक पाए गए है। इसी प्रकार आदिम जाति सेवा सहकारी समिति बिठली से 09 जुलाई को बेच क्रमांक के-25-एओ-267 के 20:20:00:13 उर्वरक के नमूने जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे गए थे। यह नमूने भी प्रयोगशाला जांच में अमानक पाए गए है। जिस पर बेच क्रमांक जेड-005 का सिंगल सुपर फास्फेट एवं बेच क्रमांक के-25-एओ-267 के 20:20:00:13 उर्वरक के क्रय विक्रय एवं भंडारण पर तत्काल प्रतिबंध लगा दिया गया है। उर्वरक निर्माता कम्पनी सरदार एग्रो फर्टीलाईजर कम्पनी गुजरात एवं कृष्णा फोस्केम लिमिटेड मेघनगर झाबुआ को कारण बताओ नोटिस जारी कर 07 दिनों के भीतर स्पष्टिकरण प्रस्तुत करने कहा गया है। समय सीमा में संतोषजनक जवाब नही मिलने पर इनके विरूद्ध उर्वरक नियंत्रण अधिनियम एवं आवश्यक वस्तु अधिनियम के अंतर्गत कार्यवाही की जाएगी।

### प्रधानमंत्री किसान समृद्धि केंद्र से कथित कालाबाजारी के लग रहे आरोप
# डीएपी यूरिया के लिए चक्कर काट रहे किसान

हरिभूमि न्यूज कटंगी।

विधानसभा क्षेत्र कटंगी में डीएपी खाद के साथ अब यूरिया को लेकर भी किसानों में मारामारी देखने को मिल रही है. किसानों को काफी समय से डीएपी के साथ यूरिया खाद भी उपलब्ध नहीं हो पा रही. ऐसे में किसानों को किसान समृद्धि केंद्र के बाहर लंबी लाइनों में लगना पड़ रहा है जहां घंटों के इंतजार के बाद यूरिया खाद मिल रही है. कटंगी के खजरी-चिकमारा में स्थित प्रधानमंत्री समृद्धि केंद्र में बुधवार को सुबह से ही किसानों की लंबी लाइन लगी रही. डीएपी व यूरिया के लिए अलग-अलग दो लाइन लगी थी. यहां मौजूद कुछ किसानों ने बताया कि 4 से 5 दिन से लगातार आने के बावजूद खाद नहीं मिल रही है. ग्रामीण अंचलों में संचालित होने वाली सहकारी समितियों में खाद की कमी के चलते किसान 20 और 30 किमी. की दूरी का सफर तय कर कटंगी आ रहे है लेकिन यहां भी घंटों तक लाइन में खड़े होने के बाद भी खाद नहीं मिलने पर मायूस होकर वापस लौट रहे है. जबकि प्रधानमंत्री किसान समृद्धि केंद्र से कथित तौर पर यूरिया और डीएपी के कालाबाजारी की चर्चा खूब चल रही है. राजनीतिक प्रभाव रखने वाले लोगों को बड़ी मात्रा में खाद दी जा रही है. इन प्रभावशाली लोगों के कर्मचारी केंद्र में पहुंचकर पहले ही डीएपी और यूरिया को अपने कब्जे में ले लेते है. केंद्र में किसान का चेहरा देखकर खाद देने की बात सामने आई है. सीताखोह निवासी कृषक बृजलाल पटले ने बताया कि 04 दिन से चक्कर काट रहे है उन्हें खाद नहीं मिली जबकि उनके बाद जो किसान आए उन्हें खाद दे दी गई. खाद देने वाले कर्मचारी ने पहले कागजात की कमी बताया और जब कागजात पूरे लेकर गए तो फिर समय समाप्त होने की बात कहकर कागजात नहीं लिए. करीब 23 किमी. दूर हरदोली से खाद लेने आए कृषक परमानंद देशमुख ने बताया कि 05 दिन से चक्कर काट रहे है. कर्मचारी लगातार गुमराह कर रहे है उनका नंबर ही नहीं आ रहा है।



दरअसल, ग्रामीण अंचलों की समितियों में डिफाल्टर किसानों और अन्य किसानों को भी खाद नहीं मिल रही है. जिस कारण बड़ी संख्या में किसान प्रधानमंत्री समृद्धि केंद्र या फिर प्राइवेट दुकानों पर निर्भर हो गए है. समृद्धि केंद्र में खाद नहीं मिल रही है और बाजार में किसानों को मनमाने दाम में खाद बेची जा रही है. यह कोई पहला मौका नहीं हैं जब कटंगी में खाद की किल्लत हो रही है.खरीफ का सीजन या फिर रबी का हर सीजन और हर बार, हर साल किसान खाद के लिए मारामारी करता है, लंबी लाइन में लगाता है. कतार में धक्का-मुक्की करता है और कई बार एक-दूसरे से ही लड़ बैठता है. जब किसान समृद्धि केंद्र में उचित मूल्य में खाद नहीं मिल पाती तो मजबूरन किसान दोगुने दामों में बाजार से खाद खरीदता है. इधर खाद व्यापारी भी कालाबाजारी करने से नहीं चूकते. इससे बड़ी विडंबना क्या होगी कि देश के लिए अन्न उगाने वाले अन्नदाता को समय पर पर्याप्त खाद नहीं मिल पाती।

### घटिया सामग्री का हो रहा उपयोग
# स्लैब पुलिया निर्माण कार्य में भारी अनियमितता



हरिभूमि न्यूज मलाजखण्ड ।

जनपद पंचायत बिरसा के अंतर्गत ग्राम पंचायत मछुरदा के कोरका में चल रहे निर्माण कार्य स्लैब पुलिया में व्यापक अनियमितता बरती गई है । जिसे लेकर जनपद मुख्यालय में बैठे अधिकारियों ने चुप्पी साध रखी है । इसे अधिकारियों की मौन स्वीकूति माना जाए या फिर विकास कार्यो को लेकर लापरवाही, यह निर्माण कार्य सासंद निधि योजना से किया जा रहा है । जिसकी स्वीकृत राशि 20 लाख रूपये है । वही स्लैब पुलिया निर्माण कार्य में हिन्दुस्तान कॉपर लिमिटेड के बालमिल की गिटटी एवं मिटटी युक्त रेत का उपयोग किया गया है । इसमें सरपंच,सचिव व सबइंजिनियर कि मिलिभगत से गुणवत्ताहिन कार्य किया गया है ।एवं निर्माण कार्य के नाम पर शासकीय राशि का बंदरबाट किया जा रहा है । इसमे गुणवत्ताहीन सामग्री का उपयोग किया गया है एवं मापदंडो का पालन नही किया गया है तथा घटिया सामग्री का उपयोग कर नियमों के अनुसार गुणवत्ता कार्य नही किया गया है ।वही कम एमएम की सरिया का उपयोग किया गया है कही कही तो सरिया का अता पता ही नही है । मापदंडों को नजर अंदाज कर स्लैब पुलिया का गुणवत्ताहीन कार्य किया गया है ।

# ठाकुर टोला प्राथमिक शाला और आंगनबाड़ी केंद्र का गढ़ी सरपंच ने किया निरीक्षण

### शिक्षक की अनियमितता पर जताई नाराजगी

हरिभूमि न्यूज गढ़ी।



ग्राम पंचायत गढ़ी की सरपंच सुश्री रौशनी मेरावी एवं वार्ड पंच श्रीमती उर्मिला रंधवे द्वारा 05 अगस्त को ठाकुर टोला प्राथमिक शाला एवं आंगनवाड़ी केंद्र का संयुक्त निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान यह पाया गया कि शाला प्रभारी कमल किशोर बनवाड़े 2 अगस्त से बिना सूचना के अनुपस्थित पाया गया। वहीं, नवनियुक्त शिक्षक हिरदुलाल इनवाती विद्यालय में उपस्थित मिले। वहीं पालकों और ग्रामीणों द्वारा गंभीर शिकायतें की गईं कि श्री बनवाड़े विद्यालय में शराब पीकर आते हैं, गुटखा सेवन करते हैं, और कक्षा के दीवारों पर थूकते हैं, साथ ही वे शाला में नियमित नहीं आते तथा समय से पहले चले जाते हैं।

इस पर तत्काल एक पंचनामा तैयार किया गया और सरपंच सुश्री मेरावी ने उक्त शिक्षक के विरुद्ध जिला शिक्षा अधिकारी एवं बीआरसी बैहर को पत्र लिखने की बात कही। वहीं, शाला में बच्चों की उपस्थिति भी अत्यंत कम पाई गई – कुल दर्ज 30 में से केवल 17 बच्चे उपस्थित थे। इस पर पालकों के साथ एसएमसी की बैठक आयोजित कर बच्चों की उपस्थिति बढ़ाने का आग्रह किया गया।

मध्यान्ह भोजन की व्यवस्था की भी समीक्षा की गई जिसमें यह सामने आया कि मेनू के अनुसार भोजन नहीं मिल रहा । समूह संचालक को इस संबंध में तत्काल निर्देशित किया गया। विद्यालय में बाउंड्री वॉल का अभाव भी सामने आया, जिसके लिए प्रस्ताव भेजने की बात कही गई। सरपंच ने कहा कि बच्चों की नियमित उपस्थिति और गुणवत्ता युक्त भोजन व्यवस्था पंचायत की प्राथमिकता रहेगी। इसके बाद आंगनवाड़ी केंद्र ठाकुर टोला का निरीक्षण किया गया, जहाँ स्तनपान दिवस का आयोजन किया जा रहा था। उपस्थित महिलाओं को समय पर टीकाकरण कराने हेतु प्रेरित किया गया और मातृत्व वंदना योजना हेतु दस्तावेज अद्यतन कराने की सलाह दी गई। यह भी पाया गया कि आंगनवाड़ी में भी मध्यान्ह भोजन मेनू के अनुसार नहीं दिया जा रहा है, जिस पर आंगनवाड़ी कार्यकर्ता को निर्देशित किया गया कि समूह द्वारा मेनू के अनुसार भोजन उपलब्ध कराया जाए। महिलाओं को नियमित वजन जांच, पोषण आहार का उपयोग, और स्वास्थ्य संबंधी सावधानियाँ बरतने के लिए भी प्रेरित किया गया। वहीं सरपंच द्वारा स्पष्ट किया गया कि बच्चों की शिक्षा, स्वास्थ्य और पोषण को लेकर किसी भी प्रकार की लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और पंचायत स्तर पर सभी आवश्यक निर्णय लिए जाएंगे।

# शास. हाईस्कूल सुनारककोड़ी में निःशुल्क साईकिल वितरण कार्यक्रम संपन्न

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** बालाघाट जिले के लाँजी विकासखंड अंतर्गत ग्राम सुनारककोड़ी के शास.हाईस्कूल में कक्षा नवमीं की नवप्रवेशी एवं निःशुल्क सायकल के लिए पात्र 60 छात्राओं को दिनाँक 2 अगस्त 2025 दिन शनिवार को शासन की निःशुल्क सायकल प्रदाय योजना के अंतर्गत समारोहपूर्वक सायकलें वितरित की गईं । म.प्र.शासन की इस योजना के अंतर्गत वर्तमान समय में शासकीय विद्यालयों में अध्ययनरत पात्र विद्यार्थियों को निःशुल्क सायकलें प्रदान की जा रही हैं । शासन द्वारा विद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों की आने-जाने की समस्याओं को हल करके उनकी शिक्षा को प्रोत्साहित किया जा रहा है । यह कार्यक्रम वयोवृद्ध सेवानिवृत्त शिक्षक एन.एल.तिड़के के मुख्य आतिथ्य एवं एसएमडीसी अध्यक्ष महेंद्र रंगारी तथा पंच सरिता सुरेश येरपुड़े के विशिष्ठ आतिथ्य में संपन्न हुआ । इस अवसर पर विद्यालय प्रभारी एम.एल.ऐड़े,वरिष्ठ शिक्षक एन. गजभिये , निःशुल्क सायकल वितरण प्रभारी एच.के.कटरे तथा विद्यालय के अनेक छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहें ।



### सावरी में अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत की हुई बैठक

**कटंगी।** तिरोड़ी तहसील के ग्राम सावरी में बुधवार को अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत की बैठक का आयोजन हुआ. यह बैठक ग्राम सावरी में योगेश राहंगडाले के आवास में संभागीय संगठन मंत्री बृजेश जैन की मुख्य उपस्थिति में संपन्न हुई।

सरदार पटेल विश्वविद्यालय बालाघाट
ADMISSIONS OPEN 2025-26
AGRICULTURE • B.Sc. (Hons.)Ag. • B.Tech (Agril) Engg. • M.Sc. (Ag.) ABM
PARAMEDICAL BPT I BMLT BHN I DMLT I DXRT D.Pharmacy (ayur.)
COMPUTER SCIENCE & APPLICATION BCA I MCA B.SC. I M.SC. DCA I PGDCA
COMMERCE •B.Com•M.Com
NURSING GNM I B.Sc.Nurs.
कैम्पस : वारासिवनी रोड, डोंगरिया, बालाघाट (म.प्र.) | 9174192111, 9174202111